NP	N	153	,,	M. film. S.S. Uni.
PL	Old.N	153		
NP	Old N	59	Comp.	M. F. CIHTS
,,		63		,, ,,
,,		94		
,,		102		AR. XX. P. 426
,,		51		
,,		88		Cobaton 1.18
,,	N	41	Comp.	
,,	,,	83	,,	Cambr. Uni. Bud. PP.

Title	Author	Institution	Ms. No.
T. Ratnaśrī,		,,	9981/86
Grags-Pa rgyal mtshan.		,,	10844/87
		RAK	1/220
		,,	3/661
		,,	3/768
		,,	3/402
		,,	3/402
		,,	4/342
		,,	4/1028
		,,	5/170
		,,	3/687
		,,	Reel No. E. 364/9 }
		,,	,, ,, E. 364/14 }
		,,	,, ,, H. 27/2
		JBORS	XX. 3-106
		GOS	13188
		Nepal II P. 240	1
		PCHVV	1
		,,	2
		,,	3
		SMTUL	63
		,,	64
		,,	65
		,,	66
		,,	67
		,,	78
		,,	69
		,,	70

Material	Script	Folio	Comp./Incomp.	Other Information
PL	,,			45, 103, 186
,,	,,	26	,,	
				Hod. Bud. 46.10
NP		32	Incomp.	7732,7762.
,,		55	,,	
,,		99	Comp.	Oxf. II. 1453
PL		33	,,	
,,		60	,,	S.A. Paris. 13
NP		98		
,,		108		
PL		67		
,,		48		
	Dev.	109	Comp.	
	N	96	,,	
	Māgadhī	2-43	Incomp.	
		52		
	N	55		
		25 chapter	Comp.	
		76	,,	
			,,	Bir.86; RAS. 46
NP	N	93	,,	Kyoto Uni.
,,	,,	93		
,,	,,	79		
,,	,,	115		
,,	,,	86		
,,	,,	57		
,,	,,	85		
,,	,,	91		

Title	Author	Institution	Ms. No.
ज्ञानोदयतन्त्र Jñānodayatantra	आगम	IASWR	MBB-II-184
		RAK	3/638
		,,	Reel No.A. 135/21
		SMTUL	142
		GOS	13279/29
		PCHVV	1
ज्ञानोदयतन्त्रपञ्जिका Jñānodayatanra-Pañjikā		IASWR	MBB-I-72
		,,	MBB-I-74
		,,	MBB-I-120
		SMTUL	143
		RAK	5/39
		Nepal II	.
डाकार्णवतन्त्र (डाकार्णवमहायोगिनीतन्त्र) Ḍākārṇava (Ḍākārṇavamahāyoginītantra)	आगम	IASWR	MBB-I-66
No. 372 (kha-137a1-264b7) Dpal mkhaḥ-ḥgro rgya-mtsho rnal-ḥbyor maḥi rgyud-kyi rgyal-Po-Chen-Po Shes bya-ba.		RASB	8056/71
		RAK	3/20
		,,	3/447
		,,	4/8
		,,	4/2431
		,,	3/293
		,,	I/198
		,,	Reel No. E. 237/4
		,,	1/199

Material	Script	Folio	Comp./Incomp.	Other Information
NP	N	13	Comp.	M.F. CIHTS
,,	Dev	11	Comp.	
,,	,,	11	,,	M.film S,S. Uni
,,	,,	20	,,	D.2 P.240
		13	,,	
			,,	
NP	N	13	Comp.	M.F. CIHTS
,,	,,	19		,, ,,
,,	,,	20		,, ,,
,,	N	11		,, ,,
,,	N	19	Comp.	Ph.P. Pro. J.upā
		11	,,	
NP	N	161,148	,,	M.F, CIHTS
,,	N	197	,,	
,,	Dev.	188	,,	
,,	,,	110	,,	
,,	N	157	,,	
,,	,,	176	,,	
,,	,,	42	Incomp.	
,,	Dev.	209	Comp.	
,,	N	32	Incomp.	
,,	,,	104	Comp.	

Title	Author	Institution	Ms.No.
तत्त्वज्ञानसंसिद्धि	शून्यसमाधि वज्रपाद	ISWR	MBB-I-3
Tattvajñānasaṁsiddhi		,,	MBB-I-73
No. 1551 (za $199a^{4}$-$202a^{3}$)		,,	WGS-7
Dpal de-Kho-na-ñid Ye-Śes			
grub-ba		RASB	9988/61
A. Ston-ñid tiṅ-ṅe-ḥdsin.		RAK	5/61
T. Bharendraruci, Blo-ldan śes-rab		,,	5/59
		,,	4/2089
		,,	5/62
		,,	Reel No. A. 134/6
		,,	,, B. 91/9
		SMTUL	146
		,,	147-I
		,,	148-I
		,,	196-26
		,,	201-18
		,,	202-2
		,,	304-2
तत्त्वज्ञानसंसिद्धिटीका (मर्मकणिका)	वीर्यश्रीमित्र	IASWR	MBB-I-14
Tattvajñānasaṁsiddhiṭīkā		,,	MBB-I-92
No. 1585 (Ha. $68a^{3}$-102b)		RAK	3/592
De-kho-na-ñid ye Śes Yaṅ-dag	ध्यानचन्द्र	,,	5/60
Per grub-Paḥi rgya-cher		,,	3/592
ḥgrel-pa de-Kho-na-ñid-		,,	Reel No. B. 23/16
bśad-pa-Shes-bya-ba.		,,	,, B. 90/9
		SMTUL	149
		,,	282
		,,	283
		,,	284
A. Brtson-ḥgrus dpal bśes gñen		,,	298
T. Mañjuśrī (N) Jetākarṇa		Nepal II	3/364 E
Ñit-ʒa rgyal-mtshan.			

Material	Script	Folio	Comp./Incomp.	Other Information
PL	Bhujimola	5	Incomp.	M.F. CIHTS
NP	Old N	25	Comp.	,, ,,
,,	N	8		,, ,,
PL	N	1		
NP	N	25		
,,	Dev.			
,,	N	7		
,,	Dev.	27	Comp.	
,,		9	Incomp.	Ph. P. S. S. Uni.
,,		9	Comp.	,, ,, ,, ,,
,,	N	9	Comp.	
,,	,,	13	,,	
,,	,,	6	,,	
,,	,,		Incomp.	
,,	,,			
,,	,,			
,,	,,			
NP	,,	13		M.F. CIHTS
,,	N	89	Comp.	,, ,,
NP	N	17	Comp.	Ph. P. S.S. Uni.
,,	,,	35	,,	,, ,, ,, ,,
,,	Dev.	33	,,	
		27	Comp.	,, ,, ,, ,,
		66	,,	Bir. 265
,,	N	48	,,	
,,	,,	73	,,	
,,	,,	52	,,	
,,	,,	23	,,	
,,	,,	42	,, Last leaf missing	

Title	Author	Institution	Ms. No.
वज्रवाराहीकल्प (महायोगिनीतन्त्रराज) Vajravārāhīkalpa (Mahāyoginītantrarāja)		IASWR	MBB-I-47
		,,	MBB-II-247
		,,	WGS-1
		RAK	4/1031
		,,	4/2488
		,,	3/235
		,,	5/209
		,,	5/222
महामायातन्त्र Mahāmāyātantra	आगम	JEBORS	XXV. 10-283
No. 425 (Na. 167-a⁶171a¹ Dpal Sgyu ḥphrul chen Po shes bya. bahi rgyud-Kyi rgyal-Po. T. Jinapara. Hgos Lhas-btsas. R. Glog-Skya śes rab brtsegs			
महामायातन्त्रे गुणवती टीका Mahāmāyātantre Guṇavatīṭikā	रत्नाकरशान्ति	ISAWR	MBB-II-143
No. 1623 (ya 180b¹-201a³) Dpal sgyu ḥphrul chen-moḥi ḥgrel-pa yontan-ldan-Pa.		JBORS	V. 198
		RAK	5/107
A. Rinchen ḥbyuṅ-gnas shi-ba. T. Shi-ba bzaṅ-po.			
महाकालतन्त्र Mahākālatantra	आगम	IASWR	MBB-I-51
No. 440 (Ca. 45b⁶-86a⁷) Nag-po chen-Po shes-bya-baḥi rgyud-Kyi rgyal-po.		JBORS	XI. 6-81

Material	Script	Folio	Comp./Incomp.	Other Information
NP		151		M.F. CIHTS
,,		198		,, ,,
,,		159		,, ,,
,,		20		
,,		144		Ph. P. Prof. J. Upa.
,,		67		Ph. P. S.S. Uni.
,,		168		
,,		9		
	Kuṭilā	29	Comp.	
PL.	Gomlola	10		M.F. CIHTS
		6,7	Comp.	
NP	Dev.	15	,,	
				Prof. J. Upa.
NP	Old. N	74		M.F. CIHTS
	Māgadhī	37	Incomp.	

Title	Author	Institution	Ms. No.
		RAK	3/289
T. Samantaśrī, Rwa chos rub.		,,	4/1041
		,,	5/173
		,,	5/171
		,,	5/176
		,,	Reel No. H. 379/14
		SMTUL	199-14
		,,	201-13
		,,	286
		,,	287
		,,	288
		,,	289
वज्रावली	अभयाकरगुप्त	IASWR	MBB-I-6
(वज्रावलीमण्डलोपायिका)			
Vajrāvali			
(Vajrāvalināmamaṇḍalopāyikā)		GOS	13189/70
No. 3140 (Phu. $1b^1$-$94b^4$)		RASB	3855/94
Dkyil-ḥkhor-gyi Cho-ga-rdo-		,,	4835/95
rje Phreṅ-ba Shes-bya-ba			
		RAK	3/360
A. Abhayākaragupta		,,	1/1697 $\frac{2}{9}$
T. ,, ,, Ḥkhor-lo-grags.		,,	3/361
R[1]. Śes-rab dpal		,,	3/402
R.[2] Ratnarakṣita, Rāhulaśrībhadra		,,	4/20
Chos-rje dpal		,,	5/80
R.[3] Blo-brtan.		,,	1/222
		,,	1/1697 $\frac{2}{7}$
		,,	Reel No. 124,125/91
		PCHVV	1
		,,	2
		SPS	Vol. 239
		SMTUL	350
		,,	351

Material	Script	Folio	Comp./Incomp.	Other Information
NP	N	18	Comp.	M.F. S.S. Uni.
,,	,,	17	Incomp.	
,,	,,	56	Comp.	
,,	Dev.	83	,,	
,,	,,	85	,,	
,,	N	129	,,	
,,	,,			
,,	,,			
,,	,,	65		
,,	,,	6		
,,	,,	68		
,,	,,	6		
NP	N	116	Comp.	M.F. CIHTS
		93		
PL	N	123	Comp.	
,,	Beng.	1 to 96	Incomp	
PL	N	83		
,,	,,	1		Ph. P. S.S. Uni.
,,	,,	132		,, ,,
,,	,,	91		,, ,,
,,	,,	22		
,,	,,	83		
,,	,,	106		
,,	,,	1		
,,	,,	243		
			Comp.	
		223		
				Ed. L. C.
NP	N	131	Comp.	
,,	Kuṭilā	103	,,	

Title	Author	Institution	Ms. No.
वसन्ततिलक	कृष्णपाद	IASWR	MBB-I-27
Vasantatilaka		,,	MBB-III-19
No. 1448 (wa. 298b²-306b¹)		,,	WGS-18
Dpyid-kyi thig-le-Shes-bya-ba.		SMTUL	354
No. 4584		GOS	13276/71
T. Blo-gros-bzaṅ-Po-grags-pa			
(P. Sumatikīrti)		RAK	1/356
Mar-Pa chos-kyi-dbaṅ-Phyug		,,	3/324
		,,	3/598
		PCHVV	1
वसन्ततिलकटीका		IASWR	WGS-24
Vasantatilakatīkā			
No. 1449 (Wa. 306b⁴-349a³)			
Dpyid-Kyi thig-leḥi rgya-cher		RAK	3/656
ḥgrel-pa Shes-bya-ba.		,,	4/9
A. Nags-kyi rin-Chen		,,	Reel No. B. 106/2
T ,, ,, ,, ,,			
		PCHVV	1
			2

Material	Script	Folio	Comp /Incomp.	Other Information
NP	N	15	Comp.	M.F. CIHTS
,,	N	14	,,	,, ,,
,,	D	9	,,	,, ,,
,,	,,	17		
		29		
NP	N	19	Comp.	Ph.P, Prof. J. Upa
,,	,,	23	,,	M.F. S.S. Uni.
,,	Dev.	7	,,	P. P. S.S. Uni.
			Comp.	
NP	D	24	Comp.	M.F. CHTS
NP	Dev.	45	Comp.	
,,	N	9	Incomp.	
,,	,,	43	Comp.	P. P. & M.F. S.S. Uni
NP	N	60	Comp.	
,,	,,		,,	

Title	Author	Institution	Ms. No.
संपुटतन्त्र	आगम	IASWR	MBB-I-17
(संपुटोद्भवतन्त्र)			
Sampuṭatantra		,,	MBB-I-124
(Sampuṭodbhavatantra			
No. 381 (Ga. 71b[1]-158b[7])		GOS	13251/76
Yaṅ-dag- Par sbyor-ba shes-			
bya-baḥi-rgyud chen-po		RASB	3828/62
		,,	4854/63
T. Gayādhara, Śakya ye- Śes			
R. Bu-ston		RAK	3/323
		,,	5/113
		,,	5/6849
		,,	5/7448
		,,	5/106
		PCHVV	1
संवरोदयतन्त्र			
Saṁvarodayatantra	आगम	IASWR	MBB-I-34
No. 20 (Rgyud III Kha 202-3-8)		,,	MBB-I-82
		,,	WGS-10
Dpal bde-mchog ḥbyuṅ-ba		,,	WGS-12
Shes-bya-baḥi rgyud-kyi		,,	WGS-16
		SMIUL	401,402,403,404,405
rgyal-po chen-Po.		GOS	13216/77
Śrī-mahāsaṁavrodayatantra-		RASB	10846/59
rāja-nāma.		,,	9986/60
T. Gshan-la Phan-pa mtḥah Yas,		RAK	4/2949
Smon-lam-grags.		,,	5/203
Rev. Gshon-nu dpal		,,	5/206
		,,	4/7
		,,	Reel No. H. 20/16
		,,	,, E. 437/3
		,,	,, E. 698/6

Material	Script	Folio	Comp./Incomp.	Other Information.
NP	D	70	Comp.	M.F. CIHTS
,,	N	25	Incomp.	,, ,,
,,		77		
PL	Old N	83	Comp.	
,,	Beng	91	,,	
NP	N	94	,,	
,,	,,	65	,,	
,,	,,	15	,,	
,,	,,	182	Comp.	
,,	Dev	19	,,	
			Comp.	
NP		99		M.F. CIHTS
,,	N	72	Comp.	,, ,,
,,	N	115	Comp.	,, ,,
,,	N	109	Comp.	,, ,,
,,	N	124	Comp.	,, ,,
,,	,,	46,108,128,103,91		Ms.No.403,404 Good-Copy
		51		
		82	Comp.	
		9	Incomp.	
NP	N	123	Comp.	
,,	Dev	114	Comp.	
,,	,,	85		
,,	,,	119		
,,	N	78	Comp.	
,,	,,	104	,,	
,,	,,	79	,,	

Title	Author	Institution	Ms. No.
		,,	3/303
		,,	5/204
		PCHVV	1
		PCVV	2
			1
संवरोदयमहातन्त्रपञ्जिका (पद्मिनी)	रत्नरक्षित	GOS	13160/78
Saṁvarodaya Mahātantra Pañjikā		RAK	3/716
(Padminī)			
No. 1420 (wa. 1b^1-101 b^3)		,,	
Dpal Sdom-Pa ḥbyuṅ-baḥi			
rgyud kyi rgyal-Po chen-		PCHVV	1
Poḥi dkaḥ-ḥgrel Padmacan			
Shes-bya-ba.			
A. Ratnarakśita			
T. Thams Cad mkhyen-paḥi dpal.			
सिद्धैकवीरतन्त्र			
Siddhaikavīratantra		IASWR	MBB-I-63
No. 544 (Pa. 1b^1-13a^4)		,,	MBB-I-16
Dpal-bo gcig-bu grub-pa			
Shes bya-baḥi rgyud-kyi		JBORS	XXXVIII, 2-324
rgyal-Po Chen po.			
T. Dīpaṁkaraśrījñāna.		RAK	3/365
Dge-baḥi blo-gros.		,,	5/115
R. Tshul-Khrims rgyal ba.		PCHVV	1

Material	Script	Folio	Comp./Incomp.	Other Information
,,	,,	86	Comp.	
,,	,,	110	,,	
,,	,,	88	,,	
,,	,,		20 Chapters	
		92		
NP	Old. N.	32		
,,	N	34		M.·Film S.S. Uni
,,	N	56	Comp.	
NP	N	20	Comp.	M.F. CIHTS
,,	N	7	Incomp.	
	Māgadhī	14	Incomp.	
PL	Maithilī	19		
NP		21	Incomp.	
			Comp.	

ABBREVIATIONS

AR	Asiatic Researches, Calcutta, Vol. XX. First & Second part pp. 41 to 585.
AS	Catalogue of the Printed books and manuscripts in Sanskrit belonging to the Oriental Library of the Asiatic Society of Bengal Compiled by Pandit Kunja Vihari under the Supervision of H. P. Shastri, Calcutta, 1904.
BBRAS	A descriptive Catalogue of Sanskrit and Prākṛita manuscripts in the Library of the Bombay Branch of the Royal Asiatic Society By H. D. Velankar, 4 Volumes in 3 Parts, 1926, 1928 and 1930.
Bhu. N	Bhujimol & Newārī Script mixed.
Bir	Buddhist Manuscripts of the Bir Library, by Sanskrit Seminar of Taisho University, Memoirs of Taisho University No. 40, 1955, PP-55-84.
Cambr. Uni. Bud.	Catalogue of the Buddhist Manuscripts in the University Library, Cambridge, By Cecil Bendall. Cambridge 1883.
Cabaton	Bibliotheque Nationale, Department des manuscripts Catalogue Sommaire Per A. Cabaton, Paris.
CIHTS	Central Institute of Higher Tibetan Studies, Saranath. India.
D-2	A Catalogue of Palm Leaf & Selected Paper MSS., belonging to. the Darbar Library, Nepal. by H. P. Shastri, Vol. II Calcutta 1905.
Dev.	Devanāgarī
DLN (Nepal II)	Catalogue of Darbar Library Nepal Vol. II, H.P. Shastri.
GOS	Gaekwad Oriental Series, Baroda.
Hod. Bud	Catalogue of Buddhist Sanskrit manuscripts in the Royal Asiatic Society, London. (Hodgson Collection).
IASWR	The Institute for Advance Studies of World Religions: Buddhist Sanskrit manuscripts, Microfilm Collection.
JBORS	The Journal of the Bihar & Orissa Research Society, Patna, Vols. XXI-L, PP. 21-43, Sanskrit Palm-Leaf manuscripts in Tibet. All given by Rāhula Saṅkrityayana.
L. C	Lokesh Chandra.
M. Film	Micro Film.
M. F.	Micro Fische.
N.	Newārī

Nepal-II	Catalogue of Darbar Library Nepal. Vol. II by H. P. Shastri
NP	Nepali Paper.
OXF	Catalogus Codicum Sanscriticorum Bibliothecae Bodleianae. Aufrecht. Oxford, 1864
OXF. II	Catalogue of Sanskrit mansucripts in the Bodleian Library. Vol. II Begun by M. Winternitz and Completed by A. B. Keith, Oxford, 1905.
PCHVV	Private Collection of Hemvajra Vajrāchārya, Kāthamandu, Nepal.
PCVV	Private Collection of Vachaspati Vajrāchārya Kāthamandu Nepal.
PC Prof.J.Upa	Private Collection of Prof. Jagannātha Upādhyāya
PL	Palm Leaf.
Petrograd	Catalogue of Indian manuscripts, Library of Publication Department, Collection of E. P. Minaev and some friends compiler N.D. Mironoff. Pt. 1. Published By the Russian Academy of Sciences, Petrograd, 1918.
R	Rañjanā
RAS	Catalogue of Buddhist Sanskrit Manuscripts in the Possession of the Royal Asiatic Society (Hodgeon Collection).
RAK	Rāstriya Abhilekhālaya Kāthamandu, Nepal.
RASB	Royal Asiatic Society of Bengal.
Rep. Hpr	Report on the Search of Sanskrit manuscripts, 3 Vols 1. 1895-1900. Calcutta, 1901 2. 1901-1902 to 1905-1906. Calcutta 1905 3. 1906-1907 to 1910 1911. Calcutta, 1911
S.A. Paris	List des manuscripts Sanskrits Appartemant a la Society Asiatique de Paris. A handlist of Buddhist manuscripts Sent by M. Lalou. Since Printed as Catalogue the manuscripts Sanskrits et Tibetains de la Societe Asiatique par Jean filiozat, Journal Asiatique, 1941-42.
SBL	The Sanskrit Buddhist Literature of Nepal By Rajendra Lal Mitra.
SMTUL	A Catalogue of The Sanskrit Manuscripts in The Tokyo University Library, Tokyo 1965.
SPS	Śata Piṭaka Series. International Academy of Indian-Culture J 22 Hauzkhas Enclave, New Delhi-110016.

बौद्ध तन्त्रों में नाड़ी एवं चक्रों का वर्णन (1)

ठाकुरसेन नेगी

वज्रयान में अनुत्तर योगतन्त्र के साधक अपनी साधना में अपने शरीर (वज्रदेह) को अत्यधिक महत्त्व देते हैं। अन्य बौद्ध तान्त्रिकों की तरह ये भी इस शरीर को सभी प्रकार की साधनाओं का आश्रय मानते हैं। तदनुसार सम्पूर्ण विश्व इस शरीर में विद्यमान है। यह शरीर संसार से भिन्न नहीं है। नदी, पर्वत, समुद्र आदि समस्त चराचर जगत् इसी शरीर के विभिन्न भागों में स्थित है। अतः परम लक्ष्य (बुद्धत्व) की प्राप्ति के लिए यह शरीर (वज्रदेह) एक महत्त्वपूर्ण माध्यम है। वज्रदेह अथवा देह से यहाँ मनुष्यदेह अथवा साधक का शरीर अभिप्रेत है। वज्रयानी साधक जब किसी साधना का अनुष्ठान, विशेष कर नाड़ी, वायु, भावना एवं उत्पत्तिक्रम का अभ्यास आदि करता है, तो उसे अपने देह के बारे में सम्यक् जानकारी प्राप्त करना आवश्यक होता है, क्योंकि दैहिक क्रियाओं को बाँधकर तदाश्रित चित्त की वस्तु-स्थिति का साक्षात्करण वज्रयानी साधना-पद्धति की विशेषता है। दैहिक क्रियाओं को बाँधने के लिए देह का समग्र रूप में अध्ययन आवश्यक है। यहाँ निष्पन्न देह की ही नहीं, प्रत्युत गर्भाधान से लेकर उसके विकासक्रम की विभिन्न अवस्थाओं के अध्ययन की भी अपेक्षा रहती है।

प्राचीन काल में हीनयान और महायान दोनों के अनुसार अनेक जन्मों में बुद्धत्व प्राप्ति संभव थी, किन्तु गुह्यसमाज अपनी साधना से इसी जन्म में सरलतापूर्वक बुद्धत्व प्राप्त करने का दावा करता[1] है।

इस मान्यता के आधार पर वज्रयानी साधकों को योगाभ्यास (तान्त्रिक साधना) के लिए शरीर (वज्रदेह) विषयक ज्ञान तथा उस पर आश्रित नाड़ी, वायु और बिन्दुओं का ज्ञान होना नितान्त आवश्यक है। तान्त्रिक साधना शरीर में विद्यमान नाड़ी, वायु और बिन्दुओं के ज्ञान के बिना हो ही नहीं सकती। इस लेख का मुख्य आलोच्य विषय विभिन्न तन्त्रों के अनुसार नाड़ियों एवं चक्रों की संख्या, उनकी उत्पत्ति, स्थिति और कृत्य का वर्णन करना है। वज्रयानी साधकों ने इसे असाधारण ढंग से प्रस्तुत किया है, जो आधुनिकतम शरीरविज्ञान से प्रायः कुछ भिन्न है। श्री वज्रमाला तन्त्र में कहा है—मनुष्य के शरीर में एक ओर जहाँ रक्त, मज्जा, मांस आदि पदार्थ हैं, वहीं दूसरी ओर हजारों नाड़ियाँ भी विद्यमान हैं।

---

1. तदिहैव जन्मनि गुह्यसमाजाभिरतो बोधिसत्त्वः सर्वतथागतानां बुद्ध इति संज्ञां गच्छति। (गुह्यसमाजतन्त्र, विनयतोष भट्टाचार्य द्वारा सम्पादित, पृ० सं० 114)

नाड़ियों की संख्या

तान्त्रिक अभ्यास के लिए वज्रयानियों ने नाड़ी-संस्थान का विशेष परिज्ञान किया है। उपनाड़ियों को छोड़ देने पर भी बौद्ध तन्त्रों में 72,000 (बहत्तर हजार) नाड़ियाँ परिगणित हैं। इनके परस्पर योग से सूक्ष्म नाड़ियों की संख्या लगभग साढ़े तीन करोड़ (3,50,00,000) होती है। इनमें 24, 32 और 37 नाड़ियाँ मुख्य हैं। उनमें भी तीन नाड़ियाँ सर्वप्रमुख हैं। इनके नाम हैं—(1) ललना, (2) रसना और (3) अवधूती। नाड़ियों की संख्या में यह भेद नाड़ियों के उपविभाजन के कारण हो सकता है। नाड़ियों के विभाजन का केवल एक ही प्रकार नहीं है, अपि तु इनका अनेक स्थूल और सूक्ष्म प्रकारों से विभाजन किया गया है। इनमें से कुछ नाड़ियाँ तो इन्द्रियों के द्वारा दृष्टिगोचर होती हैं, किन्तु कुछ ऐसी भी हैं, जिनका ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा कथमपि संभव नहीं है। स्थूल शरीर में इन नाड़ियों का जाल सा बिछा हुआ है। शरीर का कोई भी अंग चाहे वह कितना ही छोटा क्यों न हो, नाड़ियों से रहित नहीं है। शरीर की सम्पूर्ण क्रियाएँ इन नाड़ियों के द्वारा ही संचालित होती हैं। नाड़ियों के द्वारा सम्पूर्ण शरीर के विभिन्न अवयवों में पारस्परिक सम्बन्ध बना रहता है। इन नाड़ियों का कृत्य बाह्य जगत् की संवेदनाओं को भीतर लाना तथा भीतर की प्रतिक्रियाओं को बाहर ले जाना है।

वज्रयान के अनुत्तर योगतन्त्र के ग्रन्थों में हमें प्रधान नाड़ियों के विषय में विस्तृत जानकारी मिलती है। यहाँ इन्हीं प्रधान नाड़ियों का विस्तार से वर्णन किया गया है, क्योंकि वज्रदेह में नाड़ी मार्ग को जानने के लिए सर्वप्रथम वज्रयानी साधक के लिए नाड़ीचक्र की व्यवस्था का ज्ञान होना आवश्यक है। शरीर में नाड़ियों की स्थिति का ठीक-ठीक परिज्ञान न होने पर वज्रयानी साधक को वायु और बिन्दु का ज्ञान होना भी संभव नहीं है।

तीन प्रमुख नाड़ियाँ

बौद्ध तन्त्रों में वर्णित तीन प्रमुख नाड़ियों में ललना (प्रज्ञा, आलि) गर्दन के पास से निकलती है और बायीं ओर से नाभि प्रदेश में प्रवेश करती है। नाभि प्रदेश से रसना (उपाय, कालि) आरम्भ होती है और गर्दन के पास दाहिनी ओर प्रवेश करती है। इन दोनों के बीच में हृत्कमल से निकली हुई अवधूती से बोधिचित्त प्रवाहित होता है। यह अवधूती सहजानन्द प्रदायिका है। यह स्वयं सहजानन्दरूपिणी है। यह अवधूती ही बोधिचित्त है, भगवती नैरात्मा है, सहजसुन्दरी है।

हेवज्र तन्त्रराज में वज्रगर्भ की जिज्ञासा पर भगवान् ने स्पष्ट किया है कि वज्रदेह में बत्तीस बोधिचित्तवहा नाड़ियाँ महासुख स्थान की ओर प्रवाहित होती हैं। इनमें उपर्युक्त तीन (ललना, रसना और अवधूती) प्रमुख नाड़ियाँ हैं। ललना प्रज्ञास्वभाव है और रसना उपाय-

स्वभाव। मध्यदेश स्थित अवधूती ग्राह्य-ग्राहक-वर्जित है। इसी प्रकार ललना अक्षोभ्यावहा (शुक्रवहा) है और रसना रक्तवाहिनी है।

मध्यनाड़ी (अवधूती)

स्थूल स्कन्ध, धातु, आयतन और सूक्ष्म नाड़ी आदि के समुदाय के रूप में उत्पन्न वज्रदेह का आधार (आश्रय) यह मध्यनाड़ी (अवधूती) है। प्राणवायु से युक्त यह मध्यनाड़ी उष्णीषचक्र से लेकर गुह्यचक्र तक विद्यमान षट्चक्रों में स्थित है।

षट्चक्रों के बीच में एक से दूसरे चक्र की दूरी $12\frac{1}{2}$ (साढ़े बारह) अंगुल होती है। उनमें सबसे नीचे गुह्यचक्र का स्थान है और सबसे ऊपर उष्णीष(मूर्धा)चक्र का। इस अवधूती नाड़ी का ऊपरी शिखर अधोमुख 'हुँ' की आकृति वाला है। इसमें पिता से प्राप्त श्वेत रस 'रजिका' मात्र परिमाण में स्थित है, जिसकी गति अवरुद्ध है। इसके नीचे का छोर ह्रस्व 'अ' की आकृति वाला है, इसमें माता से प्राप्त रक्तस्वभाव बिन्दु या शोणित रस स्थित है।

अहं इन दोनों छोरों के मध्य में आलयविज्ञान के आधारभूत महाप्राणवायु में स्थित है। यह अवधूती नाड़ी वर्णविहीन आकाशसदृश है। नाभि के नीचे तीन नाड़ीसमूहों से निर्मित चतुष्पथों में नीचे शंखिनी नाड़ी स्थित है, क्योंकि सभी नाड़ियों में श्वेत अंश का प्रवाह निरन्तर इसी स्थान में एकत्र रहता है और यहीं से उसका प्रपात होने पर सहजानन्द की उत्पत्ति होती है।

श्रीचक्रसंवर, सम्पुटतन्त्र और कृष्णपादकृत वसन्ततिलक में अवधूती नाड़ी का वर्णन समान रूप से उपलब्ध होता है। अष्टपत्र वाले हृत्कमल के मध्य में यह अवधूती नाड़ी स्थित है और यह कदलीपुष्प के सदृश स्वच्छ है। श्वेतरक्त (शुक्रशोणित) रस का संचार न होने के कारण यह भीतर से शून्य होती है। इसके ऊर्ध्व भाग में 'हुँ' अधोमुख अवलम्बित होकर नीचे की ओर देखता है तथा अधःभाग में ह्रस्व 'अ' तेलदीपसदृश अलंकृत होता है।

इस प्रकार यह नाड़ी अपने अधोभाग में स्थित सभी नाड़ियों में बोधिचित्त का सम्यक् वहन करती है। यही सहजानन्द देने वाली है। आगमों में कहा भी है—

> हृन्मध्यपद्ममष्टपत्रं सकर्णिकम्।
> तस्य मध्यगता नाडी तैलवह्निस्वरूपिका॥
>
> कदलीपुष्पसंकाशा लम्बमाना त्वधोमुखी।
> तस्य मध्यस्थितो वीरः सर्षपस्थूलमात्रकः॥
>
> —वज्रवाराहीरहस्यतन्त्र, षष्ठ निर्देश।

संवृता मध्यभागेन हृत्सरोरुहमध्यमा।
कदलीपुष्पसंकाशा लम्बमाना त्वधोमुखी॥

तैलवह्निशिखोद्दीप्ता बोधिचित्तसमावहा।
सावधूतिः(ती) तु विज्ञेया सहजानन्ददायिका॥
—हेरुकतन्त्र, सप्तम पटल।

इस प्रकार उपर्युक्त वर्णन से मालूम होता है कि ललना और रसना इन दोनों नाड़ियों के बीच में हृत्कमल से निकली हुई अवधूती नाड़ी से बोधिचित्त प्रवाहित होता है। यह अवधूतिका सहजानन्द-प्रदायिका है, सहजानन्द-रूपिणी है।

ललना और रसना (नाड़ी)

शरीर के दाहिनी (दक्षिण) ओर से रसना और बायीं (वाम) ओर से ललना ये दो नाड़ियाँ नाभि की अधः दिशा में चार अंगुल विश्लिष्ट होकर नाभिप्रदेश में गुर्दे की महानाड़ी से सम्बद्ध होती हैं। इसके पश्चात् यहाँ से पुनः हृदय की दाहिनी (दक्षिण) दिशा में पिंगला (रसना) और वाम दिशा में इडा (ललना) से सम्बद्ध होती हैं। तदनन्तर ये कक्षपुट के अधोभाग में हृदय की महानाड़ी से सम्पृक्त होकर कण्ठचक्र में सन्निपतित होती हैं और कृकाटिका नाड़ी से होकर कान के अधोभाग के छिद्र से होती हुई वृक्ष नाड़ी (Lzon Śiñ) के साथ मस्तक में होकर मूर्धा के ब्रह्मरन्ध्र से सम्बद्ध होती हैं। इस प्रकार ये दो नाड़ियाँ सभी इन्द्रियद्वारों में व्याप्त हैं। विशेष कर नाक के दोनों छिद्रों में इन दोनों नाड़ियों के ऊर्ध्व शिखर होते हैं। अधः (नीचे) तीन नाड़ियों के मिलने से निर्मित चतुष्पथ से विश्लिष्ट होकर स्थित दक्षिण नाड़ी रसना के निचले शिखर द्वारा स्त्रीगर्भाशय स्थित रक्त का स्राव तथा पुरुष-स्त्री दोनों के मल-संधारण एवं त्याग-कृत्य को सम्पन्न किया जाता है।[1]

---

1. अक्षोभ्यावहा ललना रसना रक्तवाहिनी।
—हेवज्रतन्त्रराज, प्रथम कल्प, प्रथम पटल।

अक्षोभ्यावहा ललना रसना रक्तवहा ख्याता।
—हेवज्रपञ्जिकारत्नावली, प्रथम पटल।

ललना अतृप्ता च स्वभावेन वामपार्श्वे अक्षोभ्यावहा।
रसना सर्वरसं ददाति कवलयति वा दक्षिणपार्श्वे रक्तवहा॥
—सम्पुटोद्भवतन्त्र, द्वितीय प्रकरण।

वाम नाड़ी (ललना) के निचले शिखर द्वारा पुरुष-स्त्री दोनों में मूत्र का सन्धारण एवं त्याग कृत्य किया जाता है।[1]

ललना-रसना के शिखर में, जो नाभि के ऊर्ध्व भाग में स्थित है, चन्द्र, सूर्य वायु का संचार होता[2] है। इसलिए नाभिप्रदेश में इन तीन नाड़ियों में एकीभाव (एकलोलीभूत) हो जाने से ये लग्न (मेष आदि) की चौरासी (84) नाड़ियों या छत्तीस (36) स्कन्ध और छत्तीस (36) धातुओं की कुल बहत्तर (72) नाड़ियों में संविभक्त हो जाती है। उनमें वायु का संचार होने से बाहर के ऊर्ध्व एवं अधोद्वार इत्यादि और भीतर के महाप्राणवायु इत्यादि सब पोषित होकर उत्पन्न होते हैं।

मध्यनाड़ी (अवधूती) एवं ललना-रसना का विस्तार निम्नलिखित तन्त्र ग्रन्थों में हैं—

1. चण्डमहारोषणतन्त्र, नवां एवं बीसवां पटल।
2. दोहाकोश, राहुल सांकृत्यायन द्वारा सम्पादित।
3. डाकार्णवतन्त्र, एन० एन० चौधरी द्वारा सम्पादित।
4. डाकार्णवमहायोगिनीतन्त्रराज, द्वितीय पटल।
5. ज्ञानोदयतन्त्र, षट्चक्रविशुद्धियोगपटल।
6. वसन्ततिलक, षष्ठ निर्देश।
7. वज्रवाराहीपरमरहस्यतन्त्र, चतुर्थ निर्देश।
8. योगिनीजालतन्त्र, अष्टम पटल।
9. हेरुकतन्त्र, सप्तम पटल।
10. हेवज्रतन्त्रराज, पूर्वकल्प प्रथम पटल।
11. हेवज्रपञ्जिका (मुक्तावली) पूर्वकल्प प्रथम पटल।
12. हेवज्रपञ्जिका (योगरत्नमाला) ,, ।
13. हेवज्रपञ्जिका (रत्नावली) ,, ।
14. संवरोदयतन्त्र, सप्तम पटल।
15. संवरोदयतन्त्रपञ्जिका (पद्मिनी)।
16. सम्पुटोद्भवतन्त्र, द्वितीय प्रकरण।
17. सम्पुटोद्भवतन्त्रटीका, द्वितीय प्रकरण।

---

1. तेषां मध्ये स्थिता नाडी ललना मूत्र(शुक्र)(प्र)वाहिनी।
दक्षिणे रसना ख्याता नाडी रक्तप्रवाहिनी ॥ 16 ॥
—हेरुकतन्त्र, सप्तम पटल।

2. कण्ठादारभ्य यावन्नाभिरत्रान्तरे वामेतरपार्श्वे नाड्यौ चन्द्रसूर्याख्ये नाभेरधस्त एव योनिनाड्यौ ललनारसनाख्ये।
—हेवज्रपञ्जिका मुक्तावली, प्रथम पटल।

18. साधनमाला, द्वितीय भाग, पृ० 448।
19. गुह्यातिगुह्यतन्त्र, द्वितीय प्रकरण।

प्रधान नाड़ियां

ललना, रसना और अवधूती इन तीन मुख्य नाड़ियों के विश्लेषण से 24 विषयों के अनुसार 24 महानाड़ियां होती हैं। हृदय स्थित अंगवायु की आधारभूत पांच नाड़ियां हैं। इनमें मुख्य (ललना, रसना और अवधूती) नाड़ियों को जोड़ने से (24+5+3)=32 नाड़ियां होती हैं। इन 32 नाड़ियों के ऊर्ध्व भाग में पाँच मूल वायु की आश्रयभूत पाँच नाड़ियों का योग करने से कुल 37 प्रधान नाड़ियां होती हैं। इन प्रधान नाड़ियों में ललना से उत्पन्न होने वाली 14 नाड़ियां ये हैं—

1. अभेद्या, 2. ऊष्मा, 3. कूर्मजा, 4. दिव्या, 5. दोषा, 6. भाविकी, 7. मातरा, 8. वामा, 9. वानी, 10. विष्टा, 11. शर्बरी, 12. शीतदा, 13. सूक्ष्मा 14. सेका।

इन 14 नाड़ियों से प्रज्ञास्वभाव चन्द्रधातु का प्रपात होता है, क्योंकि मुख्यतया ललना नाड़ी ही इन 14 नाड़ियों का आधार है। ये सब भावना में सहायक होने से प्रज्ञापक्षीय हैं और देह का साथ देने से उपायस्वभाव शुक्ल पक्ष के चन्द्रमा के सदृश विशुद्धाकार हैं। प्रधान नाड़ियों में रसना से उत्पन्न होने वाली 10 नाड़ियां ये हैं—

1. कृष्णवर्णा, 2. पावकी, 3. प्रवणा, 4. प्रेम्णी, 5. वियोगा, 6. सामान्या, 7. सिद्धा, 8. सुमना, 9. सुरूपिणी, 10. हेतुदायिका।

ये 10 नाड़ियां भावना का साथ देने से उपायस्वभाव एवं देह का साथ देने से प्रज्ञास्वभाव कृष्ण पक्ष चन्द्रमा के सदृश विशुद्धाकार हैं।

ललना से उत्पन्न होने वाली चौदह (14) नाड़ियों का तथा रसना से उत्पन्न होने वाली दस नाड़ियों का विस्तार निम्नलिखित तन्त्र ग्रन्थों में है—

1. गुह्यातिगुह्यतन्त्र, द्वितीय प्रकरण।
2. ज्ञानोदयतन्त्र, षट्चक्रविशुद्धियोग पटल
3. ज्ञानोदयतन्त्रटीका, ,, ,, ।
4. महाकालतन्त्र एवं उसकी टीका, प्रथम पटल।
5. योगिनीजालतन्त्र, अष्टम पटल।
6. वज्रवाराहीकल्पतन्त्र, चतुर्थ निर्देश।
7. वज्रवाराहीपरमरहस्यतन्त्र, चतुर्थ निर्देश।
8. वसन्ततिलक, षष्ठ निर्देश।
9. वसन्ततिलकटीका, षष्ठ निर्देश।

10. सम्पुटोद्भवतन्त्र, द्वितीय प्रकरण।
11. सम्पुटोद्भवतन्त्रटीका, द्वितीय प्रकरण।
12. संवरोदयतन्त्र, सप्तम पटल।
13. संवरोदयतन्त्रपद्मिनीनामपञ्जिका, सप्तम पटल।
14. हेरुकतन्त्र, सप्तम पटल।
15. हेवज्रतन्त्रराज, प्रथम पटल।
16. हेवज्रतन्त्रपञ्जिका (मुक्तावली) प्रथम पटल।
17. ,, (योगरत्नमाला) प्रथम पटल।
18. ,, (रत्नावली) ,, ,,

पांच गुह्य नाड़ियां

1. कामिनी, 2. गेहा, 3. चण्डिका, 4. त्रिवृता, 5. मारदारिका[1] इन पांच गुह्य नाड़ियों का वर्णन करते समय तन्त्रशास्त्रों में कहा गया है कि हृदय के मध्य में उपर्युक्त पांच गुह्य नाड़ियां सम्यक् स्थित हैं। तन्त्र ग्रन्थों में इन गुह्य नाड़ियों की एकरूपता को सिद्ध करने के लिए उनका अनेक प्रकार से वर्णन किया गया है।

सातवें सिद्ध करमापा के वचनानुसार पांच मूलवायुओं के संचार की आधारभूत पांच नाड़ियां ही पांच गुह्य नाड़ियां हैं।

गुह्य कहने का अर्थ हेरुकतन्त्र एवं हेवज्रतन्त्र दोनों में 'अस्पष्ट' होना बतलाया गया है, किन्तु कालचक्रतन्त्र में स्पष्टतया उल्लिखित है कि गुह्य कृत्य में प्रमुख होने से इन्हें गुह्य नाड़ियां कहा गया है।

हेवज्र तन्त्रराज में उक्त 37 प्रधान नाड़ियों का वर्णन है, किन्तु पांच मूल वायुओं के संचार के आधारभूत पांच नाड़ीदल की एकरूपता अस्पष्ट होने के कारण वहां इन पांच नाड़ियों को गुह्य कहा गया है। हेवज्र की अनेक टीकाओं में भी पांच ही गुह्य नाड़ियां वर्णित हैं। अन्य कुछ तन्त्रों में इन गुह्यनाड़ियों का उल्लेख नहीं मिलता। जैसा कि तालिका-1 में हम देखते हैं—

---

1. इन पांच गुह्य नाड़ियों का विस्तार से वर्णन निम्नलिखित तन्त्र-ग्रन्थों में मिलता है—
   1. कालचक्रतन्त्रटीका विमलप्रभा, द्वितीय पटल।
   2. गुह्यातिगुह्यतन्त्र, द्वितीय प्रकरण।
   3. सम्पुटोद्भवतन्त्रटीका, द्वितीय प्रकरण।
   4. हेरुकतन्त्र, सप्तम पटल।
   5. हेवज्रतन्त्रराज, प्रथम कल्प, प्रथम पटल।
   6. हेवज्रतन्त्रराजपञ्जिका (मुक्तावली) प्रथम पटल।
   7. हेवज्रतन्त्रपञ्जिका (रत्नावली) प्रथम पटल।
   8. साक्यापा की नैरात्म्यस्तुतिवृत्ति।

तालिका 1

विभिन्न बौद्ध तन्त्रों में प्रधान नाड़ियाँ

क्र०सं०	प्रधान नाड़ियाँ	अभिधा०	गुह्याति०	ज्ञानोदय०	योगिनीजाल०	वज्रवाराही०	वसन्त०	सम्पुटो०	संवरोदय०	हेरुकाभ्युदय०	हेवज्र०	मुक्तावली
1.	अभेद्या	4	4	4	4	4	4	4	4	4	4	4
2.	अवधूती	3	3	3	3	3	3	3	3	3	3	3
3.	ऊष्मा	17	17	17	17	17	17	17	17	17	17	17
4.	कामिनी	—	29	—	—	—	—	29	—	—	29	29
5.	कूर्मजा	9	9	9	9	9	9	9	9	9	9	9
6.	कृष्णवर्णा	19	19	19	19	19	19	19	19	19	19	19
7.	गेहा	—	30	—	—	—	—	30	—	—	30	30
8.	चण्डिका	—	31	—	—	—	—	31	—	—	31	31
9.	त्रिवृता	—	28	—	—	—	—	28	—	—	28	28
10.	दिव्या	6	6	6	6	6	6	6	6	6	6	6
11.	दोषा	12	12	12	12	12	12	12	12	12	12	12
12.	पावकी	26	26	26	26	26	26	26	26	26	26	26
13.	प्रवणा	18	18	18	18	18	18	18	18	18	18	18
14.	प्रेम्णी	24	24	24	24	24	24	24	24	24	24	24
15.	भाविकी	10	10	10	10	10	10	10	10	10	10	10
16.	मातरा	14	14	14	14	14	14	14	14	14	14	14

क्र०सं०	प्रधान नाड़ियाँ	अभिघा०	गुह्याति०	ज्ञानोदय०	योगिनीजाल०	वज्रवाराही०	वसन्त०	सम्पुटो०	संवरोदय०	हेरुकाभ्युदय०	हेवज्र०	मुक्तावली
17.	मारदारिका	—	32	—	—	—	—	32	—	—	32	32
18.	रसना	2	2	2	2	2	2	2	2	2	2	2
19.	ललना	1	1	1	1	1	1	1	1	1	1	1
20.	वामा	7	7	7	7	7	7	7	7	7	7	7
21.	वामिनी	8	8	8	8	8	8	8	8	8	8	8
22.	वियोगा	23	23	23	23	23	23	23	23	23	23	23
23.	विष्ठा	13	13	13	13	13	13	13	13	13	13	13
24.	शबरी	15	15	15	15	15	15	15	15	15	15	15
25.	शीतदा	16	16	16	16	16	16	16	16	16	16	16
26.	सामान्या	21	21	21	21	21	21	21	21	21	21	21
27.	सिद्धा	25	25	25	25	25	25	25	25	25	25	25
28.	सुमना	27	27	27	27	27	27	27	27	27	27	27
29.	सुरूपिणी	20	20	20	20	20	20	20	20	20	20	20
30.	सूक्ष्मा	5	5	5	5	5	5	5	5	5	5	5
31.	सेका	11	11	11	11	11	11	11	11	11	11	11
32.	हेतुदायिका	22	22	22	22	22	22	22	22	22	22	22
		=24	=32	=24	=24	=24	=24	=32	=24	=24	=32	=32

नाड़ीचक्र

नाड़ीदल का आकार (रूप) चक्रसदृश होने के कारण इसे नाड़ीचक्र कहा जाता है। इसे मर्मबद्ध भी कहते हैं। यहीं मर्माहत करने से चतुर्थावस्था की भ्रान्ति दूर होती है। इसी तरह नाड़ीचक्र विपक्ष को काटने का कृत्य करता है और धर्मसमता के चक्र का प्रवर्तन करता है, इसलिए भी इसे 'चक्र' कहते हैं। इन नाड़ीचक्रों की संख्या तन्त्र-ग्रन्थों में चार मानी जाती है, किन्तु कालचक्र और उसकी विमलप्रभा टीका में छः नाड़ीचक्र वर्णित हैं। उनके नाम इस प्रकार हैं—(1) नाभिचक्र, (2) हृदयचक्र, (3) कण्ठचक्र, (4) ललाटचक्र। इन चार चक्रों में (5) गुह्यचक्र और (6) उष्णीषचक्र को जोड़ने से छः चक्र होते हैं।

इनमें महाग्रन्थि (पोरों) के 12 चक्रों को जोड़ने से चक्रों की कुल संख्या 18 होती है तथा सूक्ष्म ग्रन्थि (सूक्ष्म पोरों) के 60 चक्र होते हैं। यहां क्रमशः छः नाड़ीचक्रों का स्वरूप दिया जा रहा है—

1. नाभिचक्र

यह नाभिप्रदेश की ओर सीधा स्थित है तथा यहीं से यह आविर्भूत होता है। (1) नाड़ी का आकार चक्रसदृश होने के कारण, (2) उसमें नाड़ियों के मर्माहत होने से जाग्रत् अवस्था में निर्माणकाय (निर्माणचक्र) का उदय होने के कारण, (3) और त्यागने योग्य विपक्ष को काटने (नष्ट करने) के कारण यह चक्र है। यह मध्य नाड़ी से संविभक्त होता है। अतः यह नाड़ीचक्र शून्यता ज्ञान की चार धातुओं द्वारा संविभक्त होता हुआ $4 \times 3 = 12$ महासंकान्ति क्रम में संचरित होता है, जिसकी वजह से यह अल्प संक्रान्ति द्वारा 12 लग्नों के पांच वर्ग में $12 \times 5 = 60$ संविभक्त होता है। अतः इसमें कुल 60 नाड़ीदल होते हैं। इनमें चार मूल नाड़ीदलों का योग करने पर नाभिचक्र में कुल 64 नाड़ीदल होते हैं। हेवज्रतन्त्रराज में कहा है—"निर्माणचक्रे पद्मं चतुःषष्टिदलम्"। यहाँ नाभिचक्र को ही निर्माणचक्र कहा गया है।

2. हृदयचक्र

यह हृदय में स्थित होने के कारण मनोविज्ञान धर्मों को उत्पन्न कर वृद्धि करता है। इसलिए यह स्थान हृदयचक्र कहलाता है। नाड़ी का आकार चक्रसदृश होता है या उसके मर्माहत होने पर सुषुप्ति (गहरी निद्रा) के समय प्रभास्वर धर्मकाय (धर्मचक्र) का अभिसन्धि में उदय होता है और हेय (प्रहाण योग्य) विपक्ष का विनाश करता है, अतः यह हृदयचक्र धर्मचक्र के सदृश है। हृदयचक्र में कुल 8 नाड़ियाँ या नाड़ीदल होते हैं। संवरोदयमहातन्त्र पद्मिनीनाम पञ्जिका में कहा है—"धर्मचक्रेऽष्टनाडिके"।

3. कण्ठचक्र

यह देह के कण्ठ भाग में स्थित होता है। इसके द्वारा अन्नपान का संभोग (परिभोग) होता है। नाड़ी का आकार चक्रसदृश होता है। उसके मर्माहत होने पर स्वप्नावस्था में यह

संभोगकाय (संभोगचक्र) के रूप में उदित होता है। इसलिए हेय विपक्ष को नष्ट करने के कारण यह संभोगचक्र कहा जाता है। इसमें सोलह नाड़ियां या नाड़ीदल हैं, जिनके नाम आगमों में देखने को मिलते हैं। ज्ञानोदयतन्त्र में कहा भी है—"कण्ठे षोडशशून्यताविशुद्धया षोडशाब्दप्रज्ञासंभोगविशुद्धया षोडशसंक्रान्तिविशुद्धया षोडशमर्द्धचन्द्राभं रक्तं संभोगचक्रम्। तस्य दलेषु षोडश स्वराः। मध्ये वंकारं भावयेत्।" (चतुश्चक्रभावनायोगपटल)।

4 ललाट(मूर्धा)चक्र

यह ललाट (मूर्धा) में स्थित होकर महासुख के आधार श्वेत भाग, अर्थात् बिन्दु (शुक्र) से अवलम्बित होता है। इसका आकार चक्रसदृश है। मर्माहत होने पर यह समापत्ति (तुरीय) की अवस्था में महासुखकाय (महासुखचक्र) की अभिसन्धि में उदित होता है और हेय (प्रहाण योग्य) विपक्ष को नष्ट करता है, अतः यह ललाटचक्र (मूर्धाचक्र) या महासुखचक्र कहा जाता है। इसके स्थित होते समय ललाट (मूर्धा) में एकत्र तीन नाड़ियों द्वारा सीधे विदिक् विश्लेषण होता है। इसलिए सोलह भीतरी क्रम और सोलह बाहरी क्रम को मिलाने पर इस चक्र में बत्तीस नाड़ियाँ या नाड़ीदल होते हैं। इनमें से 16 आभ्यन्तर क्रम में बिन्दु का और 16 बाह्यक्रम में रक्त का प्रपात होता है। इसलिये ये दो क्रम प्रज्ञोपायस्वभाव में स्थित हैं। हेवज्रतन्त्रराज में कहा है—"महासुखचक्रे द्वात्रिंशद्दलम्। चक्रसंख्याक्रमेण व्यवस्थापनम्"। इस प्रकार उपर्युक्त चार चक्रों के नाड़ीदलों या नाड़ियों को एकत्र करने पर कुल 120 नाड़ीदल या नाड़ियां हो जाती हैं। ये प्रधान नाड़ियां अनेक आगमों में वर्णित हैं।[1]

बौद्ध तन्त्रों में इन चार चक्रों की विविध दृष्टिकोणों से व्याख्या की जाती है। उसका स्वरूप तालिका संख्या 2 में देखा जा सकता है।

---

1. नाभिचक्र (निर्माणचक्र), हृदयचक्र (धर्मचक्र), कण्ठचक्र (संभोगचक्र), ललाटचक्र (महासुखचक्र) में स्थित नाड़ियों का विस्तार से वर्णन निम्नलिखित तन्त्र-ग्रन्थों में है—
   1. गूढ़ार्थप्रकाशिका(दीपिका)टीका, तृतीय परिच्छेद।
   2. ज्ञानोदयतन्त्र, चतुश्चक्रभावनायोगपटल।
   3. ज्ञानोदयतन्त्रटीका, चतुश्चक्रभावनायोगपटल।
   4. वज्रवाराहीपरमरहस्यतन्त्र, प्रथम निर्देश।
   5. वज्रमालाभिधानमहायोगतन्त्र, तिब्बती संस्करण।
   6. हेवज्रतन्त्रराज, प्रथम कल्प, प्रथम पटल।
   7. हेवज्रतन्त्रराजपञ्जिका (योगरत्नमाला)।
   8. हेवज्रतन्त्रराजपञ्जिका (मुक्तावली) प्रथम पटल।
   9. हेवज्रतन्त्रराजपञ्जिका (रत्नावली) प्रथम पटल।
   10. संवरोदयतन्त्र, पञ्चम पटल।
   11. संवरोदयतन्त्रपद्मिनीनाम पञ्जिका, प्रथम पटल।

तालिका 2

विभिन्न बौद्ध तन्त्रों के अनुसार चार चक्र

क्र.सं.	चक्र	काय	स्थान	दल	अवस्था	देवियाँ	धातुतत्त्व	आनन्द	क्षण	आर्यसत्य
1.	महासुखचक्र	महासुखकाय	ललाट	32,16	समापत्ति (तुरीया)	तारा	अप्	सहजानन्द	विलक्षण	मार्ग
2.	संभोगचक्र	संभोगकाय	कण्ठ	16	स्वप्न	मामकी	अग्नि	विरमानन्द	विमर्द	निरोध
3.	धर्मचक्र	धर्मकाय	हृदय	8	सुषुप्ति	पाण्डरा	वायु	परमानन्द	विपाक	समुदय
4.	निर्माणचक्र	निर्माणकाय	नाभि	64	जाग्रत्	लोचना	पृथिवी	आनन्द	विचित्र	दुःख

हेवज्रतन्त्रराज में कहा भी है—

निर्माणचक्रे पद्मं चतुःषष्टिदलम् । धर्मचक्रे अष्टदलम् ।
संभोगचक्रे षोडलशदलम् । महासुखचक्रे द्वात्रिंशद्दलम् ।

चक्रसंख्याक्रमेण व्यवस्थापनम् । चत्वारः क्षणाः—
विचित्र-विपाक-विमर्द-विलक्षणाश्चेति । चतुरार्यसत्यानि दुःखं
समुदयो निरोधो मार्गश्चेति । चत्वार आनन्दाः—आनन्दः
परमानन्दो विरमानन्दः सहजानन्दश्चेति । 1.1.

पूर्वोक्त चार नाड़ीचक्रों (नाभि, कण्ठ, हृदय, ललाट) में उष्णीषचक्र और गुह्यचक्र को जोड़ने से षट्चक्र होते हैं। कालचक्रतन्त्र और उसकी टीका विमलप्रभा (द्वितीय पटल) में बताये गये इन चक्रों का स्वरूप और क्रम इस प्रकार है—

1. उष्णीष चक्र में 4 महायाम स्वभाव वाले 4 नाड़ीदल हैं—
"उष्णीषे द्विरिति चतुर्दलरूपिण्यस्ततोऽग्रे चतुःसन्ध्याप्रवर्तिन्यः"।

2. ललाट (मूर्धा) चक्र में 16 तिथियों के स्वभाव वाले 16 नाड़ीदल हैं—
"शिरसि नृपतयः षोडशतिथिप्रवर्तिन्यो दन्तसंख्यानीति"।

3. कण्ठचक्र में 28 नक्षत्रों के स्वभाव वाले 28 नाड़ीदल हैं—
" अष्टविंशतिनक्षत्राणि चत्वारि दण्डनक्षत्रप्रवर्तिन्यो द्वात्रिंशदिति"।

4. हृदयचक्र में 8 ग्रहों के स्वभाव वाले 8 नाड़ीदल हैं —
'हृदयेऽष्टौ नाड्यो रोहिण्यादयः समानाडीनामाधारभूताः। प्रत्यहं प्रहरभेदेन वाराष्टकवाहिन्यः। अत्राधऊर्ध्वं द्विनाड्योराधेयो वायुरिति"।

5. नाभिचक्र में 64 दण्ड के स्वभाव वाले 64 नाड़ीदल हैं—
"नाभौ नाभिकमले राशिनाडिकावाह्ये घटीनाड्योऽष्टाभिरष्टगुणिताश्चतुःषष्टिनाड्यः षष्टि-मण्डलवाहिन्यश्चतुःशून्यप्रवाहिन्यः। चतुःषष्टिदलप्रवर्तिन्य इति। द्विगुणनृपतय इति"।

6. गुह्यचक्र में 32 शुक्राणु धातु के स्वभाव वाले 32 नाड़ीदल हैं—
"द्वात्रिंशद् गुह्यमध्ये गुह्यकमलनाड्यः शुक्रादिद्वात्रिंशद्धातुप्रवर्तिन्य इति।"

सूक्ष्म नाड़ियां

नाड़ियों की संख्या के विषय में ऊपर विचार किया जा चुका है। हिन्दू तन्त्रों में भी नाड़ियों की संख्या 72,000 मानी गयी है। बौद्ध तन्त्रों में वज्रयानी साधकों ने जो 72,000 नाड़ियां मानी हैं, इनका विस्तृत उल्लेख वज्रमालातन्त्र में हमें देखने को मिलता है। वहां इनके तीन विभाग करके 72,000 नाड़ियां बतायी गयी हैं। प्रथम 24,000 नाड़ियों से चन्द्रवायु और श्वेत अंश का प्रपात होता है। अतः उपर्युक्त 24,000 नाड़ियां ललना जाति की हैं। द्वितीय 24,000 नाड़ियों द्वारा सूर्यवायु एवं लोहित (रक्त) अंश का प्रपात होता है। अतः ये 24,000 नाड़ियां रसना जाति की हैं। तृतीय 24,000 नाड़ियों द्वारा राहु वायु का प्रपात होता है। अतः ये 24,000 नाड़ियां राहु के स्वभाव से युक्त होने के कारण मध्य (अवधूती) नाड़ी जाति की हैं।

इन 72,000 नाड़ियों का आधार यह शरीर है। इसलिए ये नाड़ियां शरीर में स्थित होने से देहावस्थित (देहस्था) कही गयी हैं[1] ।

इनसे भिन्न असंख्य सूक्ष्म नाड़ियों का वर्णन भी नाड़ी विज्ञान से सम्बद्ध तन्त्र-ग्रन्थों में उपलब्ध होता है। "आनन्दगर्भावक्रान्तिनिर्देश-सूत्र" में हमें 80,000 नाड़ियों का उल्लेख देखने को मिलता है। इस ग्रन्थ में इन 80,000 सूक्ष्म नाड़ियों की उत्पत्ति, स्थिति एवं कृत्य का सुविस्तृत वर्णन किया गया है, जो संक्षेप में इस प्रकार है—शरीर की चारों दिशाओं में पांच-पांच नाड़ियां है, अर्थात् $4 \times 5 = 20$ नाड़ियां हैं और इनमें प्रत्येक की 40 शाखा नाड़ियां हैं, अर्थात् $20 \times 40 = 800$ नाड़ियां हैं। प्रत्येक शाखा नाड़ियों की भी 100-100 प्रशाखाएं है। इस प्रकार इस ग्रन्थ में $800 \times 100 = 80,000$ नाड़ियों की गणना की गयी है। शरीर में स्थित इन नाड़ियों में 80,000 कृमि (कीट) भी हैं, जिनके कारण हमारा शरीर नाना प्रकार के अशुचि द्रव्यों से भरा पड़ा है।

आनन्दगर्भावक्रान्तिनिर्देशसूत्र के अतिरिक्त कालचक्र आदि तन्त्रागम ग्रन्थों में रोमकूप-पर्यन्त सूक्ष्म नाड़ियों का उल्लेख मिलता है। मानव शरीर में रोमकूपों की संख्या 35000000 (साढ़े तीन करोड़) आंकी गयो है। तदनुसार सूक्ष्म नाड़ियों की संख्या भी 35000000 मानी गयी है, जो केश तथा रोम का उत्पाद करती हैं।

वज्रगर्भटीका में जितनी मानवशरीर में रोम की संख्या है, उतनी ही संख्या सूक्ष्म नाड़ियों की भी मानी गयी है, अर्थात् साढ़े तीन करोड़ 35000000 सूक्ष्म नाड़ियां हैं। रोमकूप पर्यन्त व्याप्त इन नाड़ियों का उत्पाद यथाक्रम षड्धातुओं द्वारा होता है[2] ।

षट्चक्र स्थित नाडियों का धातुक्रम

1. नाभिचक्र की सभी नाड़ियाँ पृथ्वी धातु से उत्पन्न होती हैं।

---

1. 72,000 नाड़ियों का विस्तार से वर्णन निम्नलिखित तन्त्र-ग्रन्थों में है—
   1. अभिधानोत्तरतन्त्र।
   2. गूढ़ार्थप्रकाशिका (दीपिका), तिब्बती संस्करण।
   3. वज्रमालाभिधानमहायोगतन्त्र, तिब्बती संस्करण।
   4. वज्रावलीतन्त्र।

2. इन सूक्ष्म नाड़ियों का विस्तार निम्नलिखित तन्त्र-ग्रन्थों में है—
   1. आनन्दगर्भावक्रान्तिनिर्देशसूत्रपिण्डार्थस्ववृत्ति, तिब्बती संस्करण।
   2. हेवज्रपिण्डार्थवज्रगर्भटीका।
   3. बुद्धानुस्मृतिसमाधिसमुद्रसूत्र, तिब्बती संस्करण।
   4. वज्रमालाभिधानमहायोगतन्त्र, तिब्बती संस्करण।

2. हृदयचक्र की सभी नाड़ियाँ वायु धातु से उत्पन्न होती हैं, इसलिए पृथ्वी और वायु प्रज्ञोपाय हैं।

3. कण्ठचक्र की सभी नाड़ियाँ अग्नि धातु से उत्पन्न होती हैं।

4. ललाट(मूर्धा)चक्र की सभी नाड़ियाँ अप् धातु से उत्पन्न होती हैं। इसलिए अग्नि और अप् (जल) उपाय-प्रज्ञा हैं।

5. उष्णीष चक्र की सभी नाड़ियाँ आकाश धातु से उत्पन्न होती हैं।

6. गुह्यचक्र को महासुख कहा जाता है। गुह्यचक्र की सभी नाड़ियाँ ज्ञान धातु से उत्पन्न होती हैं। इसलिए आकाश और ज्ञान प्रज्ञा-उपाय[1] हैं।

वज्रयानी साधक भावना करते समय धातुओं को छत्र (छाता) के सदृश उत्क्षिप्त कर षट्चक्र नाड़ियों की भावना करता है। यही वज्रयान के श्रेष्ठ उपदेश का मर्म है[2]। बुद्धत्व प्राप्ति के समय रोमकूप के छिद्रों से षट्कोण रत्नसदृशाकार अवभासित होने से ये धातु कहलाती हैं। ऊपर षड्धातु क्रम में प्रज्ञा-उपाय के तीन वर्ग बताये गये हैं। सभी नाड़ियाँ दक्षिण में रसना, वाम में ललना तथा मध्य में अवधूती—इन तीन प्रमुख नाड़ियों में विभक्त होती हैं। इसी प्रकार काय, वाक् एवं चित्त इन तीन वर्गों में भी नाड़ियों का विभाजन होता[3] है।

इस प्रकार वज्रयानी साधक को नाड़ियों की वास्तविक अवस्था तथा लक्षणों का परिज्ञान होने पर अपना देह अनेक अवयवों के पिण्ड (पुंज) के रूप में ज्ञात होता है तथा संवृति

---

1. इह शरीरे षड्धातुवशेन षट्कुलानि भवन्ति। यथा—

नाभौ पृथिवीधातु(कमले) चक्रकुलं भवति।
हृदये वायुकमले खड्गकुलं भवति।
कण्ठेऽग्निपद्मे रत्नकुलं भवति।
शिरसि तोयकमले कमलकुलं भवति।
उष्णीषमध्ये आकाशधातुकमले वज्रकुलं भवति।
गुह्यज्ञानकमले कर्तिकाकुलं भवति।
पृथिव्यादिधातूत्पन्नानां विकाराणां यथानुक्रमेणेति।
(विमलप्रभा, द्वितीय परिच्छेद, श्लो० 28)

2. वज्रमालाभिधानमहायोगतन्त्र, तिब्बती संस्करण।

3. गूढार्थप्रकाशिका (दीपिका) टीका, तिब्बती संस्करण।

में देह का ज्ञान भी हो जाता है। उसे सत्यस्वभाव, नित्य, एक, स्वतन्त्रात्मक आदि के ज्ञान से शून्य सभी नाड़ियाँ अवभासित होने लगती हैं, जो उसे समल निर्माणकाय का अधिगम कराती हैं। निर्माणकाय की प्राप्ति के बाद साधक वायुजय द्वारा बिन्दु में प्रवेश कर किस प्रकार बुद्धत्व को प्राप्त करता है, इस विषय पर हम आगे विचार करेंगे। अभी संवरोदय तन्त्र के एक वचन को यहाँ उद्धृत कर रहे हैं—

एता नाडीकाः सर्वाः शरीरशुभकारिणी।
तस्य समूहः संजातः पिण्डं देवतात्मकम्॥

रूपातीतं भवेत् पिण्डं पिण्डातीतं च देवता।
तस्मादचिन्त्ययोगेन तथतामयसर्वंगा॥

येन येन प्रकारेण पिण्डातीतपदे स्थितः।
तेन तन्मयतां प्राप्य योगी बुद्धत्वमाप्नुयात्॥
(संवरोदयतन्त्र, नाड़ीचक्र, सप्तम पटल)।

•

नामसंगीति की अध्ययन-सामग्री (1)

बनारसी लाल

बौद्धों में देवी-देवताओं की स्तुति, पूजा आदि का प्रारम्भ कब से हुआ, इसके सम्बन्ध में निश्चित रूप से कुछ कहना कठिन है। महायान के साथ साथ कई देवी-देवताओं का भी अस्तित्व दिखाई देता है, एक देवी के रूप में प्रज्ञापारमिता का भी पाठ एवं पूजन प्रचलित है। परन्तु तन्त्र के विकास के साथ जिन अनेक देवी-देवताओं का अस्तित्व सामने आता है, उनमें आर्य तारा, मञ्जुश्री, अवलोकितेश्वर आदि के विभिन्न रूप अत्यधिक प्रसिद्ध हैं।

तन्त्रयान या वज्रयान के उत्पत्ति स्थान के सम्बन्ध में विद्वानों में विवाद रहा है। कुछ लोग इसका उद्भव स्थान बंग मानते हैं और अन्य लोग इस का मूल बंगाल और आसाम में न मान कर उत्तर में स्वात घाटी में ओड्डियान को मानते हैं। इसी प्रकार कुछ अन्य विद्वान् दक्षिण में धान्यकटक के समीप श्रीपर्वत को इसका मूल स्थान मानते हैं। उद्भव स्थान की भाँति समय के सम्बन्ध में भी विद्वानों में मतैक्य नहीं दीखता। कुछ इसे दूसरी-तीसरी शताब्दी का स्वीकार करते हैं और कुछ सातवीं शताब्दी का बतलाते हैं। परम्परावादी इसे भी आगम के ही अन्तर्गत मानते हैं, उनके अनुसार सभी आगम बुद्धवचन हैं, अतः मन्त्रयान भी स्वयं बुद्ध द्वारा ही प्रवर्तित है।

मञ्जुश्री नामसंगीति तन्त्र बौद्ध परम्परा में सर्वाधिक ग्राह्य एवं मान्य है। परम्परानुसार इसे बुद्धवचन माना जाता है। अब तक उपलब्ध टीका-अनुटीकाओं के विशाल साहित्य के आधार पर कहा जा सकता है कि यह एक विशिष्ट प्रकार का तन्त्रसाधना और दर्शन का ग्रन्थ है, जिसका व्यापक प्रचार प्रसार मध्यकालीन बौद्ध युग में हुआ। यद्यपि इदं इत्थं रूप से नामसंगीति का काल निर्धारण करना कठिन है, तथापि इस सम्बन्ध में उपलब्ध साहित्य का अध्ययन करने के पश्चात् कुछ निष्कर्ष निकाला जा सकता है।

इसके प्रारम्भिक टीकाकारों में चन्द्रगोमिन्, विमलमित्र, विलासवज्र, डोम्बीहेरुक, मञ्जुश्रीमित्र, सुरतिवज्र आदि प्रमुख हैं। काल की दृष्टि से नामसंगीति की टीकाओं में 'आर्य-मञ्जुश्रीनामसंगीति महाटीका'[1] सबसे प्राचीन है, जिसके रचयिता आचार्य चन्द्रगोमिन् (635 ई०) हैं। आचार्य चन्द्रगोमिन् चन्द्रकीर्ति के समकालीन (सातवीं शताब्दी) थे। आचार्य चन्द्रगोमिन् नामसंगीति एवं व्याकरण के विद्वान् थे।[2] नामसंगीतिवृत्ति नामार्थप्रकाशकरणदीप[3]

---

1. तन्ग्युर, पीकिंग संस्करण, भाग–75, नं०–3363।
2. बौद्धधर्म का इतिहास, लामा तारानाथ पृ० 81–87, History of Buddhism, Bu-sTon. Part II. Page-132-33.
3. तन्ग्युर, पीकिंग संस्करण, भाग-67, नं०–2941

के रचयिता विमलमित्र हैं। विमलमित्र आचार्य बुद्धगुह्य के शिष्य थे और भोटनरेश khri Sroṅ lDe bTsan (742–797 ई०) के समकालीन थे।[1] तिब्बत में समये मन्दिर के निर्माण (755 ई०) के बाद भोटनरेश ने जिन भारतीय आचार्यों को सद्धर्म के प्रचार के लिए बुलाया, उनमें विमलमित्र (750–780) भी एक थे।[2] नामसंगीतिवृत्ति[3] के रचयिता डोम्बीहेरुक हैं, जिनका समय 777 ई० माना जाता है।[4] इसके अन्य प्राचीन टीकाकारों में लीलावज्र (741 ई०), इन्द्रभूति (707 ई०), विलासवज्र, मञ्जुश्रीमित्र एवं अद्वयवज्र आदि हैं।

नामसंगीति के वचनों को कई तन्त्र-ग्रन्थ-टीकाकारों ने उद्धृत किया है। जैसे कि नारोपा (990 ई०) की सेकोद्देशटीका, कालचक्रतन्त्र की विमलप्रभा टीका, लघुतन्त्र टीका, अद्वयवज्र की रचनाओं, साधनमाला की साधनाओं एवं चर्यागीति की टीकाओं में बहुलता से यहाँ के वचन उद्धृत किये गये हैं।

अनुवादों में सबसे प्राचीन भोटानुवाद को हम रख सकते हैं। इसके प्राचीन भोटानुवादक कमलगुप्त एवं रिन्छेन जङ् पो हैं।[5] अनुवादक रिनछेन जङ् पो का समय 958-1055 ई० माना जाता है।

यद्यपि भोट परम्परा में इसे आगम स्वीकार किया जाता है, तदनुसार ही इसे कन्ग्युर संग्रह के अन्तर्गत रखा गया है, तथापि उपर्युक्त तथ्यों पर विचार करने के बाद कहा जा सकता है कि इसका रचनाकाल छठी-सातवीं शताब्दी या इससे पूर्व ही हो सकता है, बाद का नहीं। भारत वर्ष में आठवीं शताब्दी के बाद इसका विशेष प्रचलन हुआ। आचार्यों ने टीका एवं अनेक परिवार ग्रन्थ लिखकर इसे बौद्ध तन्त्रों में प्रमुख बना दिया।

यहाँ उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर ही नामसंगीति का काल निर्धारण करने का प्रयास किया गया है। तथापि इसके काल निर्धारण में तन्त्र दर्शन का विकास एवं नामसंगीति जैसे विशिष्ट शैली के हिन्दू स्तोत्रों, जैसे विष्णुसहस्रनाम, ललितासहस्रनाम आदि के विकास एवं काल की भी विवेचना करें तो अधिक स्पष्टतापूर्वक इसका समय निर्धारण किया जा सकेगा।

---

1. Blue Annals P-191.
2. Rise of Esoteric Buddhism in Tibet. P-6.
3. तन्ग्युर, पीकिंग संस्करण, भाग-75, नं० 3365.
4. Introduction. Sādhan malā, G.O.S.
5. A Camplete Catalogue of the Tibetan Buddhist Canon. bkaḥ ḥGyur and bsTan ḥGyur. Sendai Japan. 1934.

प्रस्तुत निबन्ध में आर्यमञ्जुश्री नामसंगीति की अध्ययन सामग्रियों का, विशेषकर इसके उपलब्ध-अनुपलब्ध साहित्य एवं अनुवादों का विवरण एवं संस्कृत में उपलब्ध साहित्य का परिचय दिया जा रहा है।

आर्यमञ्जुश्री नामसंगीति एक विशिष्ट शैली का स्तोत्र ग्रंथ है। इसका भोट अनुवाद कन्ग्युर के तन्त्र भाग[1] में संगृहीत है। इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ के संस्कृत पाठ के विभिन्न विद्वानों द्वारा सम्पादित चार संस्करण उपलब्ध हैं, जिनका यथास्थान विवरण दिया जायेगा। इसकी कई संस्कृत पाण्डुलिपियाँ विभिन्न पुस्तकालयों में संगृहीत हैं। आर्यमञ्जुश्री नामसंगीति को विभिन्न नामों से भी अभिहित किया गया है। जैसे परमार्थ नामसंगीति, अद्वयपरमार्थ नामसंगीति, नामसंगीति इत्यादि। भोटानुवाद में इसे 'आर्यमञ्जुश्रीज्ञानसत्त्वस्य परमार्था नामसंगीतिः' (ḥPhags pa ḥJam dPal Ye Śes Sems Kyi Don Dam Paḥi mTshan brJod) कहा गया है।

नामसंगीति का अर्थ

नामसंगीति का अर्थ बतलाते हुए आचार्य विलासवज्र अपनी टीका 'नाममन्त्रार्थावलोकिनी' में कहते हैं—गान ही गीति है, सम्यक् गीति संगीति है, नामों की सम्यक् संगीति ही नामसंगीति है। 'गानं गीतिः, सम्यग् गीतिः संगीतिः, नाम्नां संगीतिर्नामसंगीतिरिति।' नाम को स्पष्ट करते हुए वे आगे कहते हैं—योग-क्रिया-चर्या तन्त्र, प्रवचन सूत्र, अभिधर्म, विनय और समस्त लौकिक लोकोतर स्थावर-जङ्गम जगत् नाम है, उनकी संगीति ही नामसंगीति है। 'नामानि योगक्रियाचर्यातन्त्र-प्रवचनसूत्राभिधर्मविनय-लौकिकलोकोत्तराणि सर्वस्थावरजङ्गमानि च, तेषां नाम्नां संगीतिरिति'। आचार्य रविश्री अपनी टीका 'अमृतकणिका' में अधिक स्पष्ट अर्थ करते हुए कहते हैं—नाना तन्त्रों से उपलक्षित यह तन्त्र है, जो स्वयं महासुखाकार है और सहजानन्द रूप है, उसका सम्यग् ज्ञान ही नामसंगीति है। "नानातन्त्रोपलक्षितमहासुखाकारसहजानन्दसुखस्य नाम्नां सम्यग् ज्ञानं नामसंगीतिः"।

ध्यान देने की बात है कि आचार्य रविश्री नामसंगीति को नानातन्त्रोपलक्षित कहते हैं। इसका अभिप्राय यह है कि नामसंगीति को अपने पूर्ववर्ती अनेकानेक तन्त्रों से उपलक्षित होकर स्तोत्र के रूप में प्रस्तुत किया जा सका। अर्थात् इसमें सूत्र रूप से महत्त्वपूर्ण सभी तन्त्र प्रतिनिधित्व प्राप्त कर सके हैं। इस दृष्टि से एक ओर यह प्रायः प्राचीनतम सभी मुख्य तन्त्रों का प्रतिनिधित्व करता है तथा दूसरी ओर अधिकांश तन्त्रों का प्रतिनिधि होने के कारण सभी बौद्ध वज्रयानी सम्प्रदायों में इसको व्यापक महत्त्व प्राप्त हो सका है। नामसंगीति में लगभग 800 से

1. A Complete Catalogue of the Tibetan Buddhist Canon: Sendai Japan. No-360.

अधिक ऐसे विशेषण संगृहीत हैं, जिनके विस्तृत अध्ययन की अपेक्षा है। ऐसे अध्ययन के आधार पर ही यह निश्चित किया जा सकता है कि किन-किन प्राचीन तन्त्रों के तत्त्वों का इसमें सन्निवेश किया गया है।

टीका-उपटीका एवं परिवार ग्रन्थ

आर्यमञ्जुश्री नामसंगीति के व्यापक प्रचार का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सातवीं शताब्दी से 14 वीं शताब्दी तक विभिन्न भारतीय आचार्यों ने इस पर 26 टीका, उपटीका, पञ्जिका एवं वृत्तियाँ लिखकर इसके साहित्य को समृद्ध किया। इसके अतिरिक्त भी विभिन्न भारतीय आचार्यों ने इसके विभिन्न पक्षों—साधना, मण्डल, जप, होम, अभिषेक आदि विषयों पर पचासों परिवार ग्रन्थों की रचना की, जिनका भोटानुवाद तन्ग्युर संग्रह में संगृहीत है।

१. टीकाग्रन्थ

इस विशाल साहित्य का ज्ञान हमें भोटानुवाद के माध्यम से विशेष रूप से मिलता है। तन्ग्युर संग्रह में जो आर्यमञ्जुश्री नामसंगीति की टीकाओं का विवरण मिलता है, वह इस प्रकार है—

1. अमृतकणिकानाम आर्यनामसंगीतिटिप्पणी (रविश्री)
   (ḥPhags Pa mTshan Yaṅ Dag Par brJod Pa [mDor-bŚad] bDud rTsiḥi Thigs Pa Śes Bya Ba. Tibetan Tripiṭaka Peking ed (hereafter TTP.) VoL-48, Sr. No-2111.)

2. आर्यमञ्जुश्रीनामसंगीति अमृतबिन्दुप्रत्यालोकवृत्तिनाम (अनुपमरक्षित)
बन्धेपाद को अस्थि के अलंकारों से विभूषित हाथ में अंकुश और कपाल धारण किये, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

24. **कुबजिपाद** (Kubajipāda)

कुबजिपाद को केसर वर्ण में, हाथ में कपाल धारण किये, पुरुष के साथ चित्रित किया जाता है।

25. **रत्नाङ्कुर** (Ratnāṅkur)

रत्नाङ्कुर को रत्नों से भरा थैला लिये, श्याम वर्ण में, स्त्री के साथ चित्रित किया जाता है।

26. **खड्गसिद्ध** (Khaḍga Siddha)

खड्गसिद्ध को कृष्ण वर्ण में, खड्ग और भिक्षा पात्र लिये, खड़े मुद्रा में दिखाया जाता है।

27. **कुमरुपा (कमरुपा)** (Kumarupā)

इन्हें श्वेत वर्ण में, नृत्य मुद्रा में, पुरुष के साथ दिखाया जाता है।

28. **टेढ़णपा** (Teḍaṅapā)

टेढ़णपाद को पीले वर्ण में, थैला लिये स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

29. **चामरपाद** (Cāmarpāda)

चामरपाद को औजार पकड़े, पुरुष के साथ दिखाया जाता है।

30. **सर्वभक्षणपा** (Sarva Bhakṣaṇapā)

सर्वभक्षणपा को केसर वर्ण में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

31. **दीपकीर्ति** (Dīpakīrti)

इन्हें हाथ जोड़े मुद्रा में पुरुष के साथ अंकित किया जाता है।

32. **शीतुमपा (चौरंगपा)** (bSī Tumpā)

शीतुमपा को कृष्ण वर्ण में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

33. **संघरक्षित** (Saṅgha Rakṣita)

संघरक्षित को पिंगल वर्ण में, पुरुष के साथ अंकित किया जाता है।

34. **धोबीपा** (Dhobīpā)

धोबीपा को केसर वर्ण में, स्त्री के साथ चित्रित किया जाता है।

35. **धोकिड़ीपा** (धाकही) (Dhokiḍīpā)

धोकिड़ीपाद को पीले वर्ण में, स्त्री के साथ अंकित किया जाता है।

36. **वेनपा (वीणापा)** (Venapā)

वीणापा को नीले वर्ण में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

37. **लवती (लाठी)** (Lavalipā)

दण्डपा को पीले वर्ण में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

38. **अनंगवज्र** (Anaṅga Vajra)

अनंगवज्र को पीले वर्ण में, क्रोध मुद्रा में, लिङ्ग खड़ा, वज्रघण्टा धारण किये, अस्थि पहने, स्त्री के साथ चित्रित किया जाता है।

39. **थंगपा** (Thaṅgapā)

थंगपा को श्वेत अन्तर्वासक पहने, आलिंगित मुद्रा में स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

40. **श्रीधारा** (Śri Dhārā)

इन्हें धर्मचक्र मुद्रा में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

41. **कोकिलपा** (Kokilapā)

कोकिलपा को पिंगल वर्ण, लीला मुद्रा में स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

42. **नरोपा** (Naropā)

नरोपा को नीले वर्ण में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

43 **करिलपा** (Karilapā)

इन्हें पीले वर्ण में, कलश धारण किये, नृत्य मुद्रा में, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

44. **मखखनपा** (mKhaḥ mkhanapā)

इन्हें पीले वर्ण में, वज्रघण्टा लिये तर्जनी से इंगित करते, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

45. **खण्डरिपा** (Khaṇḍaripā)

खण्डरिपा को पीले वर्ण में, चिड़ियों के साथ, प्रसन्न मुद्रा में पुरुष के साथ दिखाया जाता है।

46. **शूद्रपा** (Śūdrapā)

शूद्रपा को चित्र में अंगार वर्ण में खड़े, ज्वाला लिये, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

47. **विरलीपा** (Viralīpā)

विरलीपा को चित्र में अंगारे के वर्ण में स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

48. **कनपा** (Kanapā)

योगिनी कनपा को पीले वर्ण में, हाथ में कपाल धारण किये, नृत्य मुद्रा में अंकित किया जाता है।

49. **मेखला** (Mekhalā)

योगिनी मेखला को अंगार वर्ण में, वज्रघण्टा धारण किये, कटि पर हाथ रखे, स्त्री के साथ दिखाया जाता है।

50. **लक्ष्मीसिद्धि** (Lakṣmi Siddhi)

योगिनी लक्ष्मींकरा को श्याम वर्ण में, दाये निर्लीढ़ और बायें आलीढ़ नर अर्थी पर वज्रघण्टा लिये अस्थि के आभूषणों से आभूषित स्त्रियों के साथ दिखाया जाता है।

51. **ज्ञानाङ्कुर** (Jñānāṅkura)

ज्ञानाङ्कुर को श्वेत वर्ण में, अभय मुद्रा में, स्त्री के साथ चित्रित किया जाता है।

अपने अपने कृत्यों के अनुरूप विविध मुद्राओं को धारण किये 84 सिद्धों का यह क्रम सम्पन्न हुआ। अलाभचन्द्र, भवभट्ट, कुशलवर्मा तथा चतुर्थ तीर्थों के सिद्धों सहित नेपाल देश का ऋण चुका पाऊँ, यह सोच संवत् 291 व (wa) मास कृष्ण पक्ष 6 के बुध नक्षत्र को भिक्षु श्रीसेन द्वारा सर्वसत्त्वों के अर्थ यह ग्रन्थ लिखा गया है।

●

सिद्ध एवं अपभ्रंश साहित्य का सर्वेक्षण (1)

अपभ्रंश साहित्य और विशेष कर बौद्ध सिद्धों के साहित्य का अध्ययन और शोधकार्य अनेक दृष्टियों से बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। काल की दृष्टि से बौद्ध धर्म, दर्शन और साधना की विकास-परम्परा में सिद्ध साहित्य उसकी अन्तिम परिणति है। यह मात्र अन्तिम परिणति ही नहीं, प्रत्युत बौद्ध चिन्तन और आध्यात्मिक साधना को जन-सामान्य तक पहुंचा देने का ऐतिहासिक प्रयास भी है। भाषा की दृष्टि से अपभ्रंश मध्यकालीन उत्तरभारत की प्रमुख भाषाओं का पूर्व रूप है। उसने इन भाषाओं को भाषागत स्वरूप से ही मण्डित नहीं किया, अपितु उसने ऐसी विषयवस्तु प्रदान की, जो सम्पूर्ण भारत में सन्त साहित्य के रूप में विकसित हुई। कहा जा सकता है कि बौद्ध धर्म की अनुपस्थिति में भारतीय जन-चेतना में बौद्ध धर्म का जो अवशेष मिलता है, उसे भारतव्यापी सन्त साहित्य में देखा जा सकता है। इस प्रकार पूर्ववर्ती भारतीय संस्कृति के अध्ययन में बौद्धों की प्रमुख धारा का जैसा महत्त्वपूर्ण अवदान है, वैसा ही उसके परवर्ती रूप के अध्ययन में बौद्ध सिद्धों के साहित्य का अध्ययन भी महत्त्वपूर्ण है। इस दृष्टि से केवल भारतवर्ष में ही नहीं, अपितु उसके बाहर भी नेपाल, तिब्बत, मंगोलिया आदि देशों में उन उन भाषाओं में सिद्ध साहित्य का एक रूप विकसित होते पाया जाता है। सिद्ध साहित्य की रचना के पीछे जो एक प्रकार का मुक्त चिन्तन और सहज जीवन की प्रवृत्ति दिखायी पड़ती है, वह मध्यकालीन चीनी, जापानी आदि परम्पराओं में भी प्राप्त की जा सकती है। इस प्रकार बौद्ध सिद्ध साहित्य का एक व्यापक क्षितिज बनता है, जिसमें सिद्धों की जीवन-दृष्टि का विशेष अध्ययन किया जा सकता है।

बीसवीं शताब्दी में विद्वानों द्वारा पश्चिमी एवं पूर्वी भारतीय भाषाओं के सन्दर्भ में जो खोज की गई और उसके आधार पर जो अध्ययन प्रस्तुत किया गया, यद्यपि वह पर्याप्त नहीं है, किन्तु बहुत ही महत्त्वपूर्ण एवं दिशा-निर्देशक है। ऐसे विद्वानों में जो नाम विशेषतः उल्लेखनीय हैं, वे हैं–शरच्चन्द्रदास, राजेन्द्रलाल मित्र, महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री, डा० शहीदुल्ला, डा० प्रबोधचन्द्र बागची, महापण्डित राहुल सांकृत्यायन, डा० नगेन्द्र चौधरी आदि। इन विद्वानों द्वारा प्रस्तुत की गयी आधारभूत सामग्रियों पर उड़िया, असमिया, बंगाली, मैथिली, मगही, भोजपुरी और हिन्दी के अन्यान्य रूपों के प्रसंग में जिन विद्वानों द्वारा अध्ययन प्रस्तुत किया गया, उनमें प्रमुख हैं—डा० वाणीकान्त काकती, डा० नगेन्द्रनाथ वसु, श्रीआर्तवल्लभ मोहन्ती, राखालदास वन्द्योपाध्याय, डिम्बेश्वर नित्तगेर, डा० सुनीतिकुमार चटर्जी, परशुराम चतुर्वेदी प्रभृति।

इन विद्वानों द्वारा जो सामग्रियां प्रस्तुत की गयीं, या उसके आधार पर अध्ययन के निष्कर्ष प्रस्तुत किये गये, उनका लाभ आगे खोज एवं अध्ययन करने में अधोलिखित मुद्दों पर लिया जा सकता है—

1. सिद्धों की संख्या का निर्धारण

परम्परा से सिद्धों की संख्या 84 या 85 है, जो प्रायः सर्वमान्य है। किन्तु 84 संख्या मानने वाली परम्परायें परस्पर में बहुत कुछ भिन्न भिन्न हैं। इसलिए उनमें संख्यागत समानता होने पर भी उनकी प्रस्तावित नामावली में समानता नहीं मिलती। इस स्थिति में नाम की दृष्टि से सिद्धों की संख्या उत्तरोत्तर बढ़ती जाती है, जबकि मान्यता के अनुरूप उसे 84 ही कहा जाता है। इस रीति से 84 समान नामों का बन्धन टूटने से संख्या का बन्धन भी टूटता जाता है। फलतः जैसे जैसे सिद्धों की नयी तालिकायें मिलती जाती हैं, वैसे वैसे उनकी संख्या में वृद्धि होती जाती है। इस पूरी स्थिति में सिद्धों की कोई भी अन्तिम संख्या निश्चित करना अभी सम्भव नहीं होगा। अतः यह आवश्यक है कि सिद्धों की संख्या की दिशा में शोध कार्य चलाया जाय।

इसके अतिरिक्त सिद्धों की जो भारतीय नामावलियां प्रस्तुत की जाती हैं, वे अधिक प्राचीन होने से अवश्य महत्त्वपूर्ण हैं, किन्तु वे ही पर्याप्त नहीं हैं। इससे सम्बन्धित शोध को अधिक वैज्ञानिक एवं अधिक प्रामाणिक बनाने के लिए नेपाल और तिब्बत में प्रचलित परम्पराओं के अनुसार अन्य नामावलियों का भी आधार लेना होगा। हमे ज्ञात है कि सिद्धों का भारतवर्ष के बाद घनिष्ठ सम्बन्ध नेपाल और तिब्बत से था। जिस कालावधि में भारतवर्ष में सिद्ध परम्परा प्रारम्भ हुई, उसी समय इन देशों में भी उसका प्रभाव होने लगा। यह भी ज्ञात है कि सिद्धों की भारतीय तालिकाएँ इन्हीं देशों से मिलती हैं। वहाँ जो अपनी अपनी सिद्ध परम्परायें विकसित हुईं, उसे भारतीय परम्पराओं से जोड़ने की चेष्टा की गयी। इस प्रकार से सिद्ध परम्पराओं का जो विकास हुआ, उसका सामूहिक रूप में अध्ययन भाषा, संस्कृति, साधना और चिन्तन आदि की दृष्टियों से बहुत आशाप्रद होगा।

2. सिद्धों के दोहे और गीतों की उपलब्धि

सिद्धों के संख्या-विस्तार की अधिक सार्थकता तभी होगी, जब अधिकाधिक उनके नये दोहे और गीतियाँ मिलती जाँय। अब तक के प्रयास से जो दोहे और गीतियाँ मिली हैं, उनकी संख्या अपेक्षा से अधिक कम है। यह महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है कि सरहपाद, लूयीपाद, कृष्णपाद, भुसुकपाद, विनयश्री आदि कुछ प्रमुख सिद्धों के दोहे और गीतियाँ मिलीं और उनमें से कुछ की संस्कृत व्याख्यायें भी मिली हैं। ऐसे सिद्धों के दोहे एवं पदों की संख्या डेढ़ सौ के लगभग है। इनके अतिरिक्त लगभग 20-22 अन्य सिद्धों के भी कुछ महत्त्वपूर्ण पद मिलते हैं, जिनकी सम्मिलित संख्या 50 से अधिक नहीं है।

सिद्धों के दोहों और गीतियों के संग्रह की दिशा में अनेकविध प्रयत्नों की आवश्यकता है। ग्रन्थ के रूप में उनके संकलित अंश और जिनका तिब्बती साहित्य से परिचय मिल रहा है, उनके मूल की खोज करना जितना आवश्यक है; उतना ही बौद्ध तन्त्र ग्रन्थों में सन्दर्भों के रूप से जो दोहे विकीर्ण मिलते हैं, उनका संग्रह करना भी इस दिशा में महत्त्वपूर्ण कार्य है। इसके अतिरिक्त वज्रगीतियों के संग्रह पर ध्यान देना होगा, जो बड़ी संख्या में नेपाल से प्राप्त होती हैं। यद्यपि उनका विषयगत रूप दोहों आदि से कुछ भिन्न है, फिर भी भाष्य एवं शैली आदि की दृष्टि से बहुत कुछ समानता भी है। सिद्धों के अध्ययन में उनका यथोचित उपयोग किया जाना आवश्यक है। इन संग्रहों के आधार पर हम सिद्धों की विकसमान परम्परा का ज्ञान कर सकेंगे। इस कार्य को महापण्डित राहुल सांकृत्यायन भी करना चाहते थे, जिसकी उन्होंने अपने ग्रन्थों में कुछ सूचनायें भी दी हैं।

3. आधुनिक भारतीय भाषायें और अपभ्रंश

अपभ्रंश साहित्य के भाषाशास्त्रीय अध्ययन से भारतीय भाषाओं का और विशेष कर उत्तरभारतीय भाषाओं का घनिष्ठ सम्बन्ध है। अपभ्रंशों का एक ओर पूर्ववर्ती विविध प्राकृतों से सम्बन्धों का और दूसरी ओर आधुनिक भारतीय भाषाओं के उद्‌गम स्रोत के रूप में उनके सम्बन्धों का अध्ययन भाषा और साहित्य के क्षेत्र में अनेक अपरिचित नवीन मान्यताओं को जन्म देगा। अपभ्रंश भाषा का विशाल साहित्य है, किन्तु उसमें काल, भाषा और विषयवस्तु की दृष्टि से बौद्ध सिद्धों के अपभ्रंश साहित्य का महत्त्वपूर्ण स्थान है। सिद्ध साहित्य की दृष्टि से इस प्रकार का अध्ययन होना अभी बाकी है। इस प्रकार के अध्ययन की पूर्णता के लिये यह आवश्यक है कि दोहे, गीतियाँ और अन्यान्य पदों के संकलन को प्राथमिकता दी जाय।

4. सिद्ध साहित्य का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक मूल्यांकन

सिद्ध साहित्य के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यांकन का सीधा सम्बन्ध भारतीय संस्कृति के मध्यकाल के अध्ययन से है। लगभग एक हजार वर्षों की तन्त्र-संस्कृति के अन्तर्गत जीवन और दृष्टि के सम्बन्ध में सिद्धों ने अपने विशेष प्रकार के जीवन और दर्शन से नई उत्क्रान्ति प्रदान की, जिसका अध्ययन बहुत ही महत्त्वपूर्ण होगा। जैसा कि प्रारम्भ में कहा गया है, सिद्धों का साक्षात् या परम्परया प्रभाव-क्षेत्र प्रतिवेशी देश नेपाल, तिब्बत और मंगोलिया भी है। इन सबके साथ सिद्धधारा का अध्ययन प्रस्तुत करना ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है।

5. व्यापक सर्वेक्षण की आवश्यकता

उपर्युक्त दिशा में अध्ययन की जो अपेक्षायें और सम्भावनायें हैं, उनका सब कुछ निर्भर है सिद्ध एवं उनके अपभ्रंश साहित्य के व्यापक सर्वेक्षण एवं संग्रह पर। इसकी पूर्ति में विद्वानों

द्वारा जो प्रयास किया जायेगा, उसमें सुविधा की दृष्टि से वर्तमान प्रयास का भी किञ्चित् मूल्य हो सकेगा। इसी दृष्टि से यहाँ सिद्ध एवं अपभ्रंश साहित्य के सर्वेक्षण की कुछ सामग्री प्रस्तुत की जा रही है और आगे भी देने की चेष्टा की जायेगी।

जैसा कि कहा गया है, बौद्ध सिद्धों की चौरासी संख्या का विवरण विभिन्न परम्पराओं में विभिन्न रूपों में प्रसिद्ध है, तदनुसार अभयदत्त विरचित ड्रुब थोब ग्यद चु च शीही लो ग्युस् (Grub Thob brGyad Cu rTsa bŚiḥi Lo rGyus) चौरासी सिद्धों के जीवन वृतान्त का अनुवाद हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा दोनों में किया गया है। इसी प्रकार राहुलजी ने भी चौरासी सिद्धों का विवरण अपनी पुरातत्त्व निबन्धावली में दिया है, जो अभयदत्त की सिद्धों की नामावली से काफी साम्य रखता है। इसके अतिरिक्त कई भारतीय एवं भोटाचार्यों ने चौरासी सिद्धों का विवरण दिया है, उनमें वज्रासन, फदमपा (सत्पिता) एवं बुस्तोन आदि प्रमुख हैं। तन्ग्युर संग्रह में भी कई दोहासंग्रह हैं, जिनके रचयिता सिद्ध हैं, जैसे चित्तगुह्यदोहा आदि। इन सब सूचनाओं के आधार संख्यानिर्धारण का कार्य किया जायेगा।

इसी प्रकार अनेक तन्त्र ग्रन्थों एवं साधना ग्रन्थों में सिद्धाचार्यों का उल्लेख मिलता है। नेपाल में सिद्धों की चर्यागीतियाँ भी बहुत बड़ी संख्या में उपलब्ध होती हैं। वहाँ यह 'चचा-संग्रह' के नाम से प्रसिद्ध हैं। 'चचा' के गीतिकार सिद्धों की भी एक लम्बी सूची हो जाती है, जो इन चौरासी सिद्धों में कुछ हद तक समाविष्ट हो जाते हैं।

उपर्युक्त सभी नामावलियों में 40 या 80 या 85 सिद्धों के न्यूनाधिक रूप में नाम उल्लिखित हैं, किन्तु इन सूचियों में सिद्धों के नाम एक दूसरे से बहुत कम मिल पाते हैं। इस प्रकार नामों की भिन्नता के कारण सिद्धों की संख्या बढ़ जाती है। यहाँ यह भी ध्यान देने की बात है कि कुछ अन्तर के साथ एक ही सिद्ध के विभिन्न नाम भी सूचियों में मिलते हैं, जैसे कृष्णपाद=काण्हपाद, अवधूतीपा=मैत्रीपा=अद्वयवज्र, शान्तिदेव=भुसुकु इत्यादि।

बौद्ध सिद्धों और अपभ्रंश साहित्य के इस सर्वेक्षण में अब तक भारतीय आचार्यों के ग्रन्थों के आधार पर सिद्धों की नामावली तथा तालिकाएँ प्रस्तुत की गई हैं। यहाँ इसमें तिब्बती आचार्य बुस्तोन को भी संगृहीत कर लिया गया है, क्योंकि उनकी नामावली का आधार भारतीय परम्परा रही है। इसके अतिरिक्त नेपाल की नामावली भी प्रस्तुत की गयी है। उसमें अधिकांश सिद्ध भारतीय हैं, किन्तु कुछ ही केवल नेपाल निवासी हैं। जो नेपाल निवासी हैं, उन्होंने भी जो वज्रगीतियाँ लिखी हैं, वे भारतीय क्षेत्र की विभिन्न अपभ्रंश भाषाओं में ही हैं। इसलिए नेपाल को भी भारतीय आचार्यों को नामावली से जोड़ दिया गया है। इस प्रकार अब तक के सर्वेक्षण से प्राप्त सिद्धों के नाम और उनकी बढ़ती हुई संख्या यहाँ दी गयी है।

नेपाल में सिद्धों की जो वज्रगीतियां उपलब्ध हैं, वे संख्या में विपुल हैं। उनका भाषा और विषय दोनों ही दृष्टि से अध्ययन प्रस्तुत करना महत्त्वपूर्ण होगा। इसलिए आगे चलकर नितान्त अपरिचित कुछ सिद्धों की वज्रगीतियां भी प्रस्तुत की जायँगी।

सिद्धों की नामावली (भारतीय)

यहां सिद्धों की 9 नामावलियाँ दी जा रही हैं, जिनका प्रत्यक्ष सम्बन्ध भारतवर्ष से है। (संभवतः उसमें 5-6 नेपालवासी भी हैं)। इसके अतिरिक्त तिब्बत के प्रमुख 4 सम्प्रदायों की 4 सूचियाँ भी यहाँ दी जा रही हैं। प्रारम्भ में एक तालिका दी जा रही है, जिसमें अभयदत्त के अनुसार चौरासी सिद्धों की नामावली दी है और उसमें समाविष्ट वज्रासनपाद, फदमपा, चित्तगुह्य तथा वुस्तोन सम्मत सिद्धों के नामों का अंकन किया गया है। इसके पश्चात् वज्रासनपाद के 85 सिद्धों की नामावली, फदमपा के 79 सिद्ध, चित्तगुह्यगीतियों के रचयिता 41 सिद्ध, भोट आचार्य वुस्तोन के 84 सिद्ध, गुह्यसमय-साधनसंग्रह के 13 सिद्ध, नानासिद्धोपदेश में उद्धृत 13 सिद्ध, अमनसिकारक्रम में वर्णित 32 सिद्धों के नाम, एवं पं० रत्नकाजी वज्राचार्य द्वारा संगृहीत चचागीति के रचयिता सिद्धों की नामावली दी जा रही है।

यहां दो प्रकार के अंकों का प्रयोग किया गया है। एक क्रम-संख्या, जो किसी एक आचार्य की व्यक्तिगत सूची के अनुसार तत्सम्मत सिद्धों की संख्या है। जो दूसरी सिद्ध संख्या दिखायी गयी है, इसमें समवेत रूप से सभी सूचियों का सन्निवेश किया गया है। इस स्थिति में अलग से इसकी सिद्ध संख्या दी गयी है, जिससे ज्ञात हो सके कि अन्यान्य सूचियों के मिलने से सिद्धों की सम्पूर्ण योग-संख्या कितनी है। दोनों संख्या क्रमानुसार अंकित की गयी है। इस अंकन-विधि से यह देखा जा सकताहै कि किस प्रकार सिद्धों की संख्या भिन्न-भिन्न नामावलियों के आधार पर 357 संख्या तक पहुंच जाती है। इस क्रम संख्या में इस बात का ध्यान रखा गया है कि एक सिद्ध की गणना एक ही बार हो, अतः जिन सिद्धों के नाम पूर्व-पूर्व सूचियों में आ चुके हैं, बाद में यदि वे अन्य सूचियों में भी समाविष्ट हैं, तो पूर्व सूचियों का संक्षिप्त नामांकन उस सिद्ध के नाम के समक्ष किया गया है और सम्पूर्ण योग में उनकी संख्या का अंकन नहीं किया गया है।

सर्वेक्षण के अन्तर्गत उपर्युक्त सामग्रियों के अतिरिक्त तिब्बत में प्रसिद्ध सिद्धों की नामावली भी यहाँ दी जा रही है। इन नामावलियों को देखने से यह निर्गत होता है कि सिद्धों की परम्परा केवल भारत और नेपाल में ही नहीं थी, अपितु तिब्बत में भी बनी रही। उस परम्परा में वहां वृद्धि ही हुई। वहां के सिद्ध अपनी परम्परा को भारतवर्ष के पूर्व आचार्यों से निर्गत मानते हैं और उनके आधार पर ही अपने आचार्य-सिद्धों की वंशावली देते हैं। तिब्बत में सिद्धों की अनेकानेक परम्पराएँ हैं, इसलिए उनकी संख्या बहुत बड़ी हो जायगी। अभी यहां

पर तिब्बत के मुख्य चार सम्प्रदायों में प्रचलित सिद्धों की नामावली प्रस्तुत की जा रही है। सिद्धों की संख्या को निश्चित करने में यद्यपि ये नाम तालिकाएं भी उपयोगी हैं, परन्तु चौरासी सिद्धों से बहुत कुछ दूर हो जाने के कारण उनके आधार पर यहां सिद्धों की बढ़ती हुई संख्या को अंकित नहीं किया गया है।

इन सभी तालिकाओं के अनन्तर अलग से एक अक्षरानुक्रम से भी तालिका दी जा रही है, जिससे पाठकों को तालिकाओं में किसी भी सिद्ध का कहां सन्निवेश किया गया है, उसका शीघ्र पता लग सके। इसके लिए जो तालिका जिस आचार्य के नाम की है, उस आचार्य के नाम के प्रथमाक्षर से संकेत किया गया है। जैसे–अभयदत्त (अ), वज्रआसन (व), फदमपा (फ), चित्तगुह्य (चि), वुस्तोन (वु), नेपालसूची (ने०) एवं गुह्यसमयसंग्रह के लिये (गु०) नानासिद्धोपदेश के लिये (ना) तथा अमनसिकार के लिये (अम०)।

इस संक्षिप्त विवेचन के बाद अब एक-एक कर उपर्युक्त सभी सूचियाँ यहाँ पृष्ठ 263 से क्रमशः दी जा रही हैं—

अभयदत्त के अनुसार चौरासी सिद्धों की नामावली

वज्रासन, फदमपा, चित्तगुह्य एवं वुस्तोन सम्मत सिद्धनाम

क्रमांक	अभयदत्त	वज्रासनपाद	फदमपा	चित्तगुह्य	वुस्तोन	योगाङ्क
1.	लुहिपा	,,	,,	,,	,,	1
2.	लीलापा				,,	2
3.	विरूपा	,,	,,		,,	3
4.	डोम्बिपा	हेरुक	,,	,,	,,	4
5.	शबरपा	०रीपाद	०रिपा		,, ०री०	5
6.	सरहपा	,,	,,	,,	,,	6
7.	कंकरिपा					7
8	मीनपा					8
9.	गोरक्षा					9
10	चौरंगपा				,,	10
11.	वीनापा					11
12.	शान्तिपा	,,	,,			12
13.	तन्तिपा	,,	,,			13
14.	चमरिपा					14
15.	खंगपा					15
16.	नागार्जुन	,,	,,	,,	,,	16
17.	कण्हपा	कृष्णचर्यापाद	कृष्णपाद	,,		17
18.	कर्नरिपा	०पाद			,,	18
19.	थकनपा	थगपाद				19
20.	नारोपा	०द		,,	,,	20
21.	श्यालिपा	सियालि०		,,	,,	21
22.	तिल्लिपा	तैलोपाद	तैलोपा	तैलोपा	,,	22
23.	चत्रपा					23
24.	भद्रपा	,,	०दश्री			24
25.	घुखन्धि	,,				25
26.	आजोगिपा					26

क्रमांक	अभयदत्त	वज्रासनपाद	फदमपा	चित्तगुह्य	बुस्तोन	योगाङ्क
27.	कलपा				,, कल-	27
28.	धोविपा					28
29.	कंकनपा					29
30.	कम्बलपा	लावापा	,,	,,		30
31.	डिङ्गिपा				डेङ्गि०	31
32.	मन्धेपा				भदेपाद	32
33.	तन्तिपा					33
34.	कुकुरिपा	,,		,,	,,	34
35.	कुचिपा					35
36.	धर्मपा					36
37.	महिलपा					37
38.	अचिन्तपा					38
39.	भवह् (भवटठ)					39
40.	नलिपा					40
41.	भुसुकपा	,,	शान्तिदेव	,,	,,	41
42.	इन्द्रभूति	,,	,,	,,	,,	42
43.	मेकोपा					43
44.	कोदलिपा	कुदली	कदलीपाद	कदलीपा	०ध०	44
45.	कंपरिपा					45
46.	जालन्धरपा	,,	,,		,,	46
47.	राहुलपा					47
48.	धर्मपा					48
49.	धोकरिपा					49
50.	मेघिनीपा					50
51.	पङ्कजपा	०वज्र				51
52.	घण्टापा	वज्रघ०	वज्रघ०	वज्रघ०		52
53.	जोकिपा					53
54.	चालुकपा		,,	,,		54
55.	गोधुरिपा	गुदरिपा				55

क्रमांक	अभयदत्त	वज्रासनपाद	फदमपा	चित्तगुह्य	बुस्तोन	योगाङ्क
56.	लुचिकपा					56
57.	नगुणपा					57
58.	जयानन्द					58
59.	चपरिपा					59
60.	चम्पकपा					60
61.	भिक्षणपा					61
62.	घिलिपा					62
63.	कुम्भरिपा					63
64.	चवरिपा					64
65.	मणिभद्रापा					65
66.	मेखलपा				,,	66
67.	कनखला					67
68.	कलकलपा					68
69.	कन्तलि	०पा				69
70.	धहुलिपा					70
71.	उडिलिपा					71
72.	कपालपा				०लिपाद	72
73.	किरपालपा					73
74.	सागरपा					74
75.	सर्वभक्षपा				,,	75
76.	नागबोधि	,,	,,		,,	76
77.	दारिकापा	,,		,,	,,	77
78.	पुतलिपा					78
79.	पनहपा					79
80.	कोकिलपा					80
81.	अनंगपा		०वज्र	०वज्र	,,	81
82.	लक्ष्मीकर			,,	,,	82
83.	समुद्रपा					83
84.	व्यालिपा					84

वज्रासनपाद की सिद्धसूची

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्य	योगाङ्क
1.	नागार्जुन	(अ०)	85
2.	आर्यदेव		
3.	लुईपाद	(अ०)	86
4.	पद्मवज्र		
5.	सरहपाद	(अ०)	
6.	पंकजवज्र	(अ०)	
7.	डोम्बी हेरुक	(अ०–पा)	
8.	विरु(वा)पाद	(अ०)	
9.	भुसुकु	(अ०)	
10.	वज्रघण्टा	(अ०)	87
11.	नलेन्द्रपाद		
12.	कुकुरिपाद	(अ०)	88
13.	बुद्धज्ञान		89
14.	कृष्णवज्र		
15.	इन्द्रभूति	(अ०)	
16.	नरोपाद	(अ०)	
17.	कुदलीपाद	(अ०)	
18.	तन्त्रिपाद	(अ०)	
19.	लावापाद	(अ०–कम्बलपा)	90
20.	चन्द्रगोमि		
21.	शान्तिपाद	(अ०)	91
22.	दीपंकर		
23.	तेलोपाद	(अ०)	
24.	कृष्णचर्यापाद	(अ०)	92
25.	सूकरपाद (वाराही०)		
26.	भद्रपा	(अ०)	
27.	शबरीपाद	(अ०)	

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्य	योगाङ्क
28.	दारिकपाद	(अ०)	
29.	नागबोधि	(अ०)	
30.	दीपकदेव		93
31.	दकिपाद		94
32.	जैतारी		95
33.	सरकपा		96
34.	शान्तिपाद		97
35.	थगपाद	(अ०—थकनपा)	
36.	जालन्द्रपाद	(अ०)	
37.	कमलपाद		98
38.	सुवर्णद्वीप		99
39.	वीर्यपाद		100
40.	कोंकनपा		101
41.	पकपाल		102
42.	तमपकपा		103
43.	भीनासा		104
44.	सुतलोकि		105
45.	धर्मकीर्ति		106
46.	कुमारपाद		107
47.	कन्तलिपा	(अ०)	
48.	नीलपाद		108
49.	पद्माकर		109
50.	सिद्धपाद		110
51.	मिनरपाद		111
52.	मेघवेग		112
53.	करूपक		113
54.	दसरिपाद		114
55.	अनन्तपा		115
56.	सिंहपाद		116

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्य	योगाङ्क
57.	चन्द्रभद्र		117
58.	आनन्दगर्भ		118
59.	चन्द्रकीर्ति		119
60.	लुङ्गीपाद		120
61.	कर्णपाद	(अ०—कर्नरिपा)	
62.	अवधूतिपाद		121
63.	चर्यापाद		122
64.	शाक्यमित्र		123
65.	चण्डालिपाद		124
66.	गीतिघोष		125
67.	भागलन		126
68.	शब्दपाद		127
69.	कोन्तलि		128
70.	चपरि		129
71.	सियालि	(अ०)	
72.	सूर्यगुह्य		130
73.	वागेश्वर		131
74.	हि्लपाद		132
75.	कलकपाद		133
76.	कुभुच		134
77.	सेङ्गेपाद		135
78.	असंग		136
79.	नतपाद		137
80.	मुरलीपाद		138
81.	सरहपाद		139
82.	सरसुक		140
83.	कललंगे		141
84.	भयानि		142
85.	पुष्पपाद		143

फदमपा की सिद्धसूची

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्य	योगाङ्क
1.	सरह	(अ० व०)	
2.	नागार्जुन	(अ० व०)	
3.	प्रज्ञापाल (फल)		144
4.	शान्तरक्षित		145
5.	स्थिरमति		146
6.	वागेश्वर	(व०)	
7.	वज्रघण्टापाद	(अ० व०)	
8.	शंकर		147
9.	शान्तिपाद	(अ० व०)	
10.	विरूपा	(अ० व०)	
11.	ज्ञानपाद		148
12.	शान्तिदेव	(अ० व०-पाद)	
13.	ज्ञानगर्भ		149
14.	निरूपा		150
15.	कदलीपाद	(अ०–कोद, व०–कुद)	
16.	कृष्णपाद	(अ०–कण्हपा, व०)	
17.	नागभुसुक		151
18.	लुईपा	(अ० व०)	
19.	कृष्ण	(अ० व०)	
20.	इन्द्रभूति	(अ० व०)	
21.	रत्नकीर्ति		152
22.	कौकर्त		153
23.	सहज		154
24.	महागजचर्म		155
25.	वसुधर		156
26.	हेरुकपाद		157
27.	कनकोति		158

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्य	योगाङ्क
28.	रविमूल		159
29.	रत्नवज्र		160
30.	त्रेहुत		161
31.	अनंगवज्र	(अ०)	
32.	जबरिपा		162
33.	गुदरिपा	(अ०)	
34.	कम्बलपाद	(अ० व०)	
35.	डोम्बी हेरुक	(अ० व०)	
36.	सूर्यगुप्त		163
37.	गुण[म]ति		164
38.	पद्मवज्र	(व०)	
39.	तैलोपा	(अ० व०)	
40.	प्रज्ञाकर		165
41.	ज्ञानश्री		166
42.	परहित		167
43.	कामश्री		168
44.	अलाभचन्द्र		169
45.	जालन्धरपाद	(अ० व०)	
46.	मैत्रीकमल		170
47.	पद्मवज्र		171
48.	नागबोधि	(अ० व०)	
49.	मञ्जुश्रीमित्र		172
50.	राजहस्ति		173
51.	भद्रपादश्री	(अ० व०)	
52.	लीलाभद्र		174
53.	धूतिक (योगिनी)		175
54.	दारुपर्ण		176
55.	शबरिपा	(अ० व०)	
56.	चेर बु मा (gCer Bu Ma)	(अ०–चालुकपा)	

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्य	योगाङ्क
57.	रो लङ् मा (Ro Laṅs Ma)		177
58.	महासिद्ध		178
59.	निर्मला		179
60.	सुमतिघोष		180
61.	नैरात्म्य		181
62.	प्रकाश		182
63.	जे मा ल्हुङ पा (Bye Ma Luṅ Pa)		183
64.	वज्र एक		184
65.	ङ सङ् मा (sṄa bSaṅ Ma)		185
66.	ड्री कोन मा (Gri sKon Ma)		186
67.	लम क्ये मा (Lam skey Ma)		187
68.	शे ञेन मा (gŚes mÑen Ma)		188
69.	रो जङ् मा (Ro bZaṅ Ma)		189
70.	पद्मो श्री (Padmo Śri)		190
71.	पद्मी ग्यल मो (Padmaḥi rGyal Mo)		191
72.	ख ड्रो मा कर मो (mKhaḥ Gro Ma dKar Mo)		192
73.	ल्ह स्रे पल शेद् (Lha Sras dPal gŚed)		193
74.	वज्रसुख		194
75.	ज्ञानपाद		195
76.	घघाश्री		196
77.	ले क्यी जुङ् ने ((Las Kyi hByuṅ gNas)		197
78.	ग्यन गी ग्यल मो (rGyan Gyi rGyal Mo)		198
79.	ख ड्रो मा ला वा चन (mKḥaḥ hGro Ma La Ba Can)		199

चित्तगुह्यगम्भीरार्थगीति की सिद्धसूची

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्य	योगाङ्क
1.	नागार्जुन	(अ० व० फ०)	
2.	सरह	(अ० व० फ०)	
3.	कदलीपा	(अ० व० फ०)	
4.	आचार्य समन्तवज्र		200
5.	कनपा		201
6.	कम्बलपा	(अ० व० फ०)	
7.	लुईपा	(अ० व० फ०)	
8.	तैलोपा	(अ० व० फ०)	
9.	प्रज्ञाभद्र		202
10	नारोपा	(अ० व०)	
11.	डोम्बीपा	(अ० व० फ०)	
12.	जवरिपा	(फ०)	
13.	वसुधार (धर)	(फ०)	
14.	दिङ्नाथ		203
15.	डोम्बी हेरुक	(अ० व० फ०)	
16.	अवधूतिपा	(व०)	
17.	दारिकपा	(अ० व०)	
18.	कृष्णपाद	(अ० व० फ०)	
19.	चेर बु ल्हुङ् शद् (gCer Bu Lhuṅ bŚad)	(अ०–चालुकपा, फ०)	
20.	रो लङ् देवा (Ro Laṅs sDe Ba)	(फ०)	
21.	रामपाल		204
22.	कुक्कुरिपा	(अ० व०)	
23.	चोद पा थु तोब चन (sPyod Pa mThu sTobs Can)		205
24.	कुमार त्रितई		206
25.	आचार्य मति		207
26.	अनंगवज्र	(अ० फ०)	

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्त	योगाङ्क
27.	इन्द्रभूति	(अ० व० फ०)	
28.	पद्मवज्र	(व० फ०)	
29.	लक्ष्मीकर	(अ०)	
30.	कमलपाद	(व०)	
31.	आचार्य गर्भपाद		208
32.	आचार्य वज्रपाद		209
33.	वज्रघण्टापाद	(अ० व० फ०)	
34.	दुङ् चन कुगपा (mDuṅ Can lKug Pa)		210
35.	कुतीभीर पाद		211
36.	मि फम रलपा चन (Mi Pham Ral Pa Can)		212
37.	आचार्य शान्तिकर		213
38.	योगिनी धर्मपाद		214
39.	मैत्रीपाद		215
40.	मघाघपाद		216
41.	भुसुकुपाद	(अ० व०)	

वुस्तोन सिद्धसूची

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्य	योगाङ्क
1.	लूईपा	(अ० व० फ० चि०)	
2.	लीलापा	(अ०)	
3.	विरूपा	(अ० व० फ०)	
4.	डेंगीपा	(अ०)	
5.	नागार्जुन	(अ० व० फ०)	
6.	कलपलपाद	(अ०)	
7.	सरोरुहवज्र		217
8.	भुसुकुपा	(अ० व० फ०—शान्तिपा, चि०)	
9.	सरहपाद	(अ० व० फ० त्रि०)	
10.	शबरीपाद	(अ० व० फ०)	
11.	विलासवज्र		218
12.	दारिकपा	(अ० व० चि०)	
13.	ज्ञानपाद	(फ०)	
14.	उनर्मघपाद		219
15.	तिंथपाद		220
16.	पद्मवज्र	(व०)	
17.	वसुबन्धु		221
18.	जालन्धरपाद	(अ० व० फ०)	
19.	धर्मकीर्ति	(व०)	
20.	भूवपाद		222
21.	कनरिपा	(अ० व०)	
22.	कोधल्पिा	(अ० व० फ० चि०)	
23.	इन्द्रभूति	(अ० व० फ० चि०)	
24.	नागबोध(धि)	(अ० व० फ०)	
25.	प्रभाकर		223
26.	ममकण्डीपाद		224
27.	डोम्बीपाद	(अ० व० फ० चि०)	
28.	कपालिपाद	(अ०)	

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्य	योगाङ्क
29.	कखलीपा		225
30.	तैलोपाद	(अ० व० फ० चि०)	
31.	दीपंकर	(व०)	
32.	चन्द्रगोमि	(व०)	
33.	खुताप		226
34.	रतिवज्र		227
35.	करोलपाद		228
36.	बन्धीपाद		229
37.	बाकलय		230
38.	वसुबन्ध		231
39.	चरपही		232
40.	समयवज्र		233
41.	श्रियालपाद (सियाल = शृगालीपाद)	(अ० व०)	
42.	कर्णपाद		234
43,	धमुपाद		235
44.	धूमपाद		236
45.	कुमारपाद	(व०)	
46.	भदेपाद	(अ०)	
47.	कुवज्र		237
48.	रत्नकुरपाद		238
49.	खड्गसिद्ध		239
50.	दसकीपा		240
51.	कमरुपा		241
52.	टेढ़णपाद		242
53.	चर्यापाद	(व०)	
54.	चामरपाद		243
55.	सर्वभक्षपा	(अ०)	
56.	देवकीर्ति		244
57.	चौरंग	(अ०)	

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्य	योगाङ्क
58.	संघरक्षित		245
59.	धोपाय		246
60.	धाकई		247
61.	वेनपा		248
62.	लवतिपा		249
63.	अनंगवज्र	(अ० फ० चि०)	
64.	आर्यदेव	(व०)	
65.	कंपला		250
66.	जवरिपा	(फ०)	
67.	शरहपा	(सरहपा)	251
68.	श्रीधारा		252
69.	चस्त्रल		253
70.	कोकिला	(अ०)	
71.	घण्डपा		254
72.	नारोपा	(अ० व० चि०)	
73.	कुक्कुरिपा	(अ० व० चि०)	
74.	रत्नाकरशान्ति		255
75.	करमल		256
76.	तैलोपा		257
77.	खण्डरिपा		258
78.	मतंग		259
79.	बिलालिपा		260
80.	कलवनजोई		261
81.	मेखला		262
82.	लक्ष्मीसिद्धि जोई (लक्ष्मीकर)	(अ० चि०)	
83.	निलोपा		263
84.	ज्ञानाङ्कुर		264

गुह्यसमयसाधनसंग्रह की सिद्धसूची

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्य	योगाङ्क
1.	इन्द्रभूतिपाद	(अ० व० फ० चि० वु०)	
2.	लूईपाद	(अ० व० फ० चि० वु०)	
3.	अद्वयवज्रपाद		265
4.	शाक्यरक्षित		266
5.	शबरपाद	(०रीपाद-अ०, व० फ० चि० वु०)	
6.	उमापतिदेव		267
7.	बुद्धदत्त		268
8.	विरुवापाद	(अ० व० फ० वु०)	
9.	विलासवज्र	(वु०)	
10.	सहजालोकनसमाधिवज्रपाद		269
11.	ध्यायीपाद		270
12.	विभूतिचन्द्र		271
13.	अनङ्गवज्रयोगिन्	(अ० व० फ० चि० वु०)	

नानासिद्धोपदेश की सिद्धसूची

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्य	योगाङ्क
1.	पद्माङ्कुर		272
2.	प्रज्ञारक्षित		273
3.	नोलिपाद		274
4.	रविगुप्त	(सूर्यगुप्त–फ०)	
5.	कृष्णाचार्य	(कण्हपा, पाद–अ० व० फ० चि०)	
6.	सरह	(अ० व० फ० चि० वु०)	
7.	महीधरपाद		275
8.	भूरिपाद		276
9.	वीरूपाचार्य	(विरुवापाद-अ० व० फ० वु० गु०)	
10.	नागबुद्ध		277
11.	दिग्नाग		278
12.	वीणापाद	(अ०)	
13.	वीर मर्यैन्द्र		279

अमनसिकार की सिद्धसूची

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्य	योगाङ्क
1.	(आर्य) नागार्जुन	(अ० व० फ० चि० वु०)	
2.	अद्वयवज्र	(गु०)	
3.	सरह(सिद्ध)	(अ० व० फ० चि० वु० ना०)	
4.	वरेन्द्रच		280
5.	इन्द्रभूतिपाद	(अ० व० फ० चि० वु० गु०)	
6.	तिलोपा	(अ० व० फ० चि० वु०)	
7.	ध्यायीपाद	(गु०)	
8.	सबरनाथ		281
9.	पैण्डपातिक		282
10.	वाराही(सूकर)पा	(व०)	
11.	विजयघोष		283
12.	विसो		284
13.	वागीश्वर	(फ० व०)	
14.	लीलावज्र	(अ० वु०-पा)	
15.	कुकरिपाद	(अ० व० चि० वु०)	
16.	लिङ्गर पैण्डपातिक		285
17.	ओड्डिनी वज्रयोगिनी		286
18.	नारोपा	(अ० व० चि० वु०)	
19.	अमोघश्री		287
20.	अभयाकरगुप्त		288
21.	सागरदत्त		289
22.	अनलवज्र		290
23.	विनयगुप्त		291
24.	अघनश्री		292
25.	ललितवज्र		293
26.	लक्ष्मींकर	(अ० चि० फ०)	
27.	सर्वेश्वर		294
28.	रागवज्र		295
29.	रत्नाकरशान्ति	(वु०)	
30.	मैत्रीगुप्तभिक्षु	(चि०)	
31.	सागर		296
32.	विरुवापाद	(अ० व० फ० वु०)	

नेपाल की सिद्धसूची

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्य	योगाङ्क
1.	परमादिवज्र		297
2.	सुरतवज्र		298
3.	सिद्धिवज्र		299
4.	अनुपमवज्र		300
5.	हासकुलिश		301
6.	जालन्धरपा	(अ० व० फ० वु०)	
7.	कर्णपा	(अ० व० वु०)	
8.	सरहपा	(अ० व० फ० चि० वु० ना० अम०)	
9.	जिनसिद्धि		302
10.	रसवज्र		303
11.	विलासवज्र	(वु० गु०)	
12.	समरसवज्र		304
13.	भासुरवज्र		305
14.	शान्तिकराचार्य	(चि०)	
15.	गणेशवज्र		306
16.	भास्वरवज्र		307
17.	बन्धुदत्ताचार्य		308
18	कुलापाद		309
19.	नारोपा	(अ० व० चि० वु० अम०)	
20.	वज्रराज		310
21.	सेनाचार्य		311
22.	तथागतवज्र		312
23	काण्हवज्र	(काण्हपा, कृष्णाचार्य) अ० व० फ० चि० वु० ना०)	
24.	शाश्वतवज्र		313
25.	पवनवज्र	(अनलवज्र–अम०)	
26.	अमृतप्रभदेव		314
27.	प्रज्ञाकुलिश		315

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्य	योगाङ्क
28.	तिलोपा	(तिल्लिपा, तैलोपा अ० व० फ० चि० वु० अ०)	
29.	सुधाकरवज्र		316
30.	गोडारीवज्र		317
31.	वसुदत्ताचार्य		318
32.	हेरुकवज्र		319
33.	सहजानन्द		320
34.	मञ्जुवज्र		321
35.	नागार्जुन	(अ० व० फ० चि० वु० अम०)	
36.	श्रीकुलिश		322
37.	गुणदत्ताचार्य		323
38.	अद्वयवज्र	(गु० अम०)	
39.	लीलावज्र	(लीलापा–वु० अ०)	
40.	समयसत्ववज्र	(वु०–समयवज्र)	
41.	अमोघवज्र		324
42.	रत्नवज्र		325
43.	कुलिशवज्र		326
44.	गोदारिपा	(अ० फ०)	
45.	नीलवज्र	(वु०–निलोपा, व०–नीलपाद)	
46.	वाग्वज्र		327
47.	हेतुवज्र		328
48.	रत्नकुलिश		329
49.	कुलिशरत्न		330
50.	रत्न		331
51.	कुलिश		332
52.	कुलदत्ताचार्य		333
53.	ओङ्कारवज्र		334
54.	पवनकुलिश		335
55.	निर्दोषवज्र		336
56.	हर्षनृसिंह		337

36

क्रमांक	सिद्धनाम	अन्यत्र प्राप्य	योगाङ्क
57.	चन्द्रवज्र		338
58.	द्विजाचार्य		339
59.	हूंकारवज्र		340
60.	महासुखवज्र		341
61.	कुलिशश्री		342
62.	दारिकपाद	(अ० व० चि० वु०)	
63.	कमलकुलिश		343
64.	अवधूपवि		344
65.	कर्मादिवज्र		345
66.	गोस्वामी		346
67.	वज्रवज्र		347
68.	विरूपा	(अ० व० फ० वु०)	
69.	संघसयनाचार्य		348
70.	सुधाहर्ष		349
71.	श्रीवज्रकुलिश		350
72.	पवनपवि		351
73.	वैद्य यशवृद्धि वज्राचार्य		352
74.	चक्रमणिकुलनिधि		353
75.	बौद्धाचार्य		354
76.	कुलिशाचार्य		355
77.	रत्नवज्रकुलिश		356
78.	सुगतवज्र		357

सिद्धनामानुक्रमणी

समयसत्त्ववज्र	ने-40
समरसवज्र	ने-12
समुद्रपा	अ-83
सरकपा	व-33
सरसुक	व-82
सरह	फ-1, चि-2, ना-6, अम-3
सरहपा	अ-6, ने-8
सरहपाद	व-[illegible], 81, वु-9
सरोरुहवज्र	वु-7
सर्वभक्षपा	अ-75, बु-55
सर्वेश्वर	अम-27
संवरनाथ	अम-8
सहज	फ-23
सहजानन्द	ने-33
सहजालोकनसमाधिवज्रपाद	गु-10
सागर	अम-31
सागरदत्त	अम-21
सागरपा	अ-75
सिद्धपाद	व-50
सिद्धिवज्र	ने-3
सियालि	व-71
सिंहपाद	व-56
सुगतवज्र	ने-78
सुतलोकि	व-44
सुधाकरवज्र	ने-29
सुधाहर्ष	ने-70
सुमतिघोष	फ-60
सुरतवज्र	ने-2
सुवर्णद्वीप	व-38
सूकरपाद (वाराही)	व-25
सूर्यगुप्त	फ-36
सूर्यगुह्य	व-72
सेङ्गेपाद	व-77
सेनाचार्य	ने-21
स्थिरमति	फ-5
हर्षनृसिंह	ने-56
हासकुलिश	ने-5
हिलपाद	व-74
हूंकारवज्र	ने-59
हेतुवज्र	ने-47
हेरुकपाद	फ-26
हेरुकवज्र	ने-32

तिब्बती गुरुसिद्धनामावली

पहले कहा गया है कि बौद्ध सिद्धों की विस्तृत परम्परा को समझने के लिए यह आवश्यक है कि भारतवर्ष में चौरासी सिद्धों के नाम से जिन सिद्ध आचार्यों की परम्परा का विकास हुआ, उसी परम्परा में भारतवर्ष के बाहर तिब्बत में भो सिद्धों की एक परम्परा प्रचलित हुई, तिब्बत की परम्परा के सिद्धों ने भारतीय परम्परा के कुछ सिद्धों से अपने को जोड़ा। विदित है कि तिब्बत में बौद्ध विद्या और साधना का अनेक शाखाओं में विकास हुआ, उनमें निम्नलिखित चार सम्प्रदाय हैं—

1. ञीङ् मा पा rÑiṅ Ma Pa
2. कर्ग्युद पा bKaḥ brGyud Pa
3. सक्या पा Sa sKya Pa
4. गेलुग पा dGe Lugs Pa

इन चारों सम्प्रदायों के सिद्धों का जैसे भारतीय स्रोत है, वैसे अपने अपने सिद्धों की भी स्वतन्त्र परम्परायें हैं। वे परम्परायें भी आगे चलकर उपसम्प्रदायों के भेद से भिन्न-भिन्न परम्परायें बन गयीं। कहीं कहीं परम्पराओं के भेद के पीछे तान्त्रिक परम्पराओं का विषयभेद भी आधार बना। जैसे गेलुग परम्परा में गुह्यसमाज, चक्रसंवर और भैरवतन्त्र आदि के तन्त्र-साधना के भेद से भिन्न उपसम्प्रदाय खड़े हुए। इन सम्पूर्ण सम्प्रदाय एवं उपसम्प्रदायों की नामावली बहुत बृहत् हो जाती है और उस बृहद् नामावली में यह निर्णय लेना कठिन हो जायेगा कि उनमें किन्हें सिद्ध की कोटि में रखा जाय और किन्हें सिद्धेतर साधकों एवं गुरुओं की कोटि में। फिर भी काल की दृष्टि से कुछ प्रारम्भिक नामावलियाँ संग्राह्य हो सकती हैं। इस दृष्टि से यहाँ पर तिब्बत के चारों सम्प्रदायों की एक एक सीमित नामावली की जा रही है, जिससे सिद्धों की परम्परा के अध्ययन एवं शोध में उसकी भी सहायता ली जा सके।

यहाँ पर इन मुख्य चार धाराओं में विभाजित सिद्धों का विवरण क्रमशः प्रस्तुत किया जा रहा है।

ञीङ्मा (rÑiṅ Ma)

परम्परा के विस्तार के लिये दुद् जोमस् के इतिहास का आधार लिया जा रहा है। नीचे यहाँ जो परम्परा दी जा रही है, उस पूरी परम्परा में प्रथम 25 सिद्ध एक साथ में ही एक भारतीय आचार्य के द्वारा अभिषिक्त हुए थे। ये तान्त्रिक आचार्य थे और तन्त्रशास्त्र के मुख्य प्रवर्तकों में माने जाते हैं। यह विख्यात आचार्य पद्मसम्भव आचार्य शान्तरक्षित के समकालीन थे और उन्होंने प्रारम्भ में निम्नलिखित 25 विशिष्ट व्यक्तियों को अभिषेक प्रदान किया। ये पचीसों साधना के बल से आगे चलकर सिद्ध हुए। 25 से आगे जिन 14 सिद्धों के नाम दिये गये हैं, इसी परम्परा में 108 तेरतोन हुए। इसे तेरमा-आम्नाय भी कहते हैं। जो समय-समय पर भारतीय सिद्ध आनन्दवज्र, मंजुमित्र, विमलमित्र, हुंकार, कुक्कुरिपा, विलासवज्र आदि से परम्परा प्राप्त कर सिद्ध हुए, उनके नाम आम्नाय (का मा bKaḥ Ma) में संगृहीत किये गये हैं, जो 39 से 47 तक यहाँ दिये गये हैं।

1. नमखई ञीङ्पो	Nam mKhaḥi sÑiṅPo
2. सङ्ग्यस येशेस	Saṅs rGyas Ye Śes
3. ग्यल छोग वङ्देर	rGyal mChog dBaṅ Der
4. येशेस छोग्यल (योगिनी)	Ye Śes mCho rGyal
5. पलयेर	Pal Yer
6. पल ग्यी सेङ्गे	dPal Gyi Seṅ Ge
7. वैरोचन	Vai Ro Cana

8. धर्मराज	mṄaḥ dBag rGyal Po
9. यूड्रा ञीङ्पो	gYu sGra sÑiṅ Po
10. दोर्जे दुद् जोमस	rDo rJe bDud ḥJoms
11. ज्ञान कुमार	Jñān Kumāra
12. न नम येशेस	sNa Nam Ye Śes
13. येशेस वङ् दन	Ye Śes dByaṅs lDan
14. क व पल चेगस	sKa Ba dPal brTsegs
15. पल ग्यी वङ्छुग	dPal Gyi dBaṅ Phyug
16. शुद बू पल सेङ	Śud Bu dPal Seṅ
17. ग्यल वई लोडोस	rGyal Baḥi bLo Gros
18. ख्येहु छुङ् लोचावा	Khyeḥu Chuṅ Lo Tsa Ba
19. डन पा नम ख	Dran Pa Nam mKhaḥ
20. ओग्यंन वङ् छुग	aU rGyan dBaṅ Phyug
21. मा थोग रिन छेन	rMa Thog Rin Chen
22. पल ग्यी दोर्जे	dPal Gyi rDo rJe
23. कोनछोग जुङ् नस	dKon mChog ḥByun gNas
24. ग्यलवा जङ् छुब	rGyal Ba Byaṅ Chub
25. द न मा छे वङ्	lDan Ma rTse dBaṅ
26. ङ दग ञङ	mṄaḥ bDag Ñaṅ
27. गुरु छोस क्यी वङ् छुग	Guru Chos Kyi dBaṅ Phyug
28. रिग जिन छेन पो	Rig ḥZin Chen Po
29. सङ् ग्ये लिङ्पा	Saṅs rGyes gLiṅ Pa
30. रत्ना लिङ्पा	Ratnā gLiṅ Pa
31. पद्म लिङ्पा	Padma gLiṅ Pa
32. रिगजिन फद ठीनपा	Rig ḥZin Phad Phrin Pa
33. दुद दुल लिङ्पा	bDud ḥDul gLiṅ Pa
34. जिगमेद लिङ्पा	ḥJig Med gLiṅ Pa
35. खनछेन येशे जिङ्पो	mKhan Chen Ye Śes bZaṅ Po
36. ग्तेर दग लिङ्पा	gTer bDag gLiṅ Pa
37. खेनचे वङ्पो	mKhen rTse dBaṅ Po
38. पद्म गर वङ्	Padma Gar dBaṅ
39. मी फमपा	Mi Pham Pa

40. थङ् थोङ् ग्यलपो	Thaṅ sToṅ Gyal Po
41. देशेगस जुरपोछे	bDe gŚegs Zur Po Che
42. हेरुका पल जुर छुङ्	Herukā dPal Zur Chuṅ
43. डो फुग पा	sGro Phug Pa
44. रोङ जोमपा	Roṅ Zom Pa
45 युङ तोनपा	gYuṅ sTon Pa
46 ङ रीस पद्म वङ् ग्यल	mṄaḥ Ris Padma dBaṅ rGyal
47. धर्मश्री	Dharma Śri

कर्ग्युदपा (bKaḥ brGyud Pa)

तिब्बती सिद्धों की परम्परा में कर्ग्युद सम्प्रदाय के सिद्धों की साधना और चर्या भारतीय चौरासी सिद्धों से बहुत मिलती जुलती है। यही कारण है कि मी ल रस् पा आदि सिद्धों ने अपने दोहों में तान्त्रिक कर्मकाण्ड और साधना प्रक्रिया पर जोर न देकर उच्च सिद्धि के लिये सहज ज्ञान पर अधिक जोर दिया है। इस परम्परा के अधिकांश सिद्धों ने चौरासी सिद्धों की तरह अपने आध्यात्मिक उद्‌गारों को प्रकट करने के लिये प्राचीन दोहों का आधार लिया है, जिसको सितु धर्माकर द्वारा (कर्ग्युद दोहा सागर bKaḥ brGyud Doha Sāgar) नामक ग्रन्थ में संकलित किया है। कर्ग्युद परम्परा के पास भारतीय सिद्धों के दोहे, जो तनग्युर में संकलित नहीं हैं, उनमें प्रमुख नरोपा, मैत्रीपा, दारुकपा आदि के कई दोहे 'रस छुङ्' (Ras chuṅ) के जीवनी नामक ग्रन्थ में है। बहुतों ने सरह, तिलो, नरोपाद आदि के दोहों पर टीका भी लिखी है, जो खड़ोई ञन ग्युद की यीग ञीङ (mKhaḥ Grohi sÑan brGyud Kyi Yig sÑiṅ) तथा छग छेन ग्य जुङ (Phyag chen rGya gŚun) में संकलित है। नीचे दिये जा रहे सिद्धों के दोहे संस्थान के पुस्तकालय में उपलब्ध हैं, जो जीवनी या अपने नाम के ब्कह् बुम (bKaḥ hBum) में विद्यमान हैं।

तालिका प्रथम में 18 तक भारतीय परम्परा के सिद्धों का नाम दिया गया है। यद्यपि कर्ग्युद परम्परा के सूत्रपात करने वाले मरपा लोचवा तक पारमिता और तन्त्रों की अलग-अलग कई परम्परायें हैं, यहां रस छुङ् (Ras Chuṅ) जो भारत में आकर मैत्रीपाद आदि से शिक्षा-दीक्षा लेकर भोट देश लौटे थे, उनकी जीवनी (टी० जो० स० पृ० 706) नामक ग्रन्थ में दी गई कर्ग्युद की भारतीय सिद्ध परम्परा को यहाँ दिया गया है, जो प्रथम से 19 तक है। 19-23 तक कर्ग्युद की सामान्य सिद्ध परम्परा है, 23वाँ दगपो पुण्य रत्न (Dags Po Puṇya Ratan) से कंछङ्, डीगुङ्, तगलुङ् (rKam Tshaṅ, Bri Guṅ, sTag Luṅ) आदि कई उपशाखायें निकलती हैं तथा हर शाखा में कई सिद्ध हुए। यहाँ डुगपा (ḥBrug Pa) कर्ग्युद के

सिद्धों को दिया जा रहा है। जो 23 से 32 तक तथा हैं। अन्तिम 3 सिद्ध बहुत ही प्रसिद्ध हुए, जिन्होंने नाना प्रकार के चमत्कार भी दिखाये।

वज्रधारा	Vajra Dhārā
वज्रपाणि	Vajra Pāṇi
1. सरहपा	Saraha Pa
2. लोहिपा	Lohi Pa
3. धीङ्गीपा	Dhīṅgī pa
4. सुमति रत्नपाद	Sumati Ratna Pāda
5. नागार्जुन	Nāgārjuna
6. मतंगी	Mataṅgī
7. सुमति (योगिनी)	Yogini Sumati
8. निगुमा ,,	Yogini Niguma
9. सुखाधारी ,,	Yogini Sukhādhārī
10. थङ्लोपा	Thaṅlo Pa
11. दारुणपा	Dāruṇa Pa
12. कर्णरिपा	Karnari Pa
13. महासिद्धिस्वामी	Mahāsiddhi Swāmī
14. भीनासा	Bhīṇāsā
15. लावापा	Lāva Pa
16. इन्द्रभूति	Indrabhūti
17. तिल्लीपा	Tilli Pa
18. नरोपा	Naro Pa
19. तीफूपा	Tiphu Pa

भोटदेशीय

20. मरपा	Mara Pa
21. मीलारस पा	Mīlaras Pa
22. रस छुङ पा	Ras Chuḍ Pa
23. दगपो पुण्य रत्न	Dag Po Puṅya Ratna
24. दुसुम खेनपा	Dus gSum mKhen Pa
25. कर्मा पाक्षि	Karma Pakṣi

26. सिद्ध उर्ग्यन पा	Siddha OrGyan Pa
27. रङ् जुङ् दोर्जे	Raṅ ḥByuṅ rDo rJe
28. छगस मेद रागस	Chags Med Rāgasa
29. सितु धर्माकर	Situ Dharmākar
30. जनग वङ् छुग	Śa Nag dBaṅ Phyug
31. ब र वा	ḥBa Ra wa
32. क्योब पा जिगतेन सुम गोन	sKyobas Pa ḥJig brTen gSum mGon
33. ड्रीगुङ छोसडगस	Bri Guṅ Chos Grags
34. तगस छङ क्यब गोन	sTag Tshan sKyab mGon
35. फगमो डुबपा	Phag Mo Grub Pa
36. लीङ रस	gLiṅ Ras Pa
37. चङ् पा ग्यरस	Tsaṅ Pā rGyas Ras
38. बोन रस	dBon Ras
39. गोद छङ्पा	rGod Tshaṅ Pa
40. वोरिवा	dBo Riwa
41. ञीमा बस	Ñima sBas
42. दोर्लिङ्पा	rDor gLiṅ Pa
43. पोसक्यापा	sPos sKya Pa
44. चुसुम पा	bCu gSum Pa
45. जम यङ् छोस जे	ḥJam dByaṅ Chos rJe
46. शेरब जङ्पो	Śes Rab bZaṅ Po
47. छुल ठिम रिनछेन	ḥTshul Khrim Rin Chen
48. ग्यल वङ् छोस जे	rGyal dBaṅ Chos rJe
49. कुनगा तेनजिन	Kun dGaḥ bsTan ḥZin
50. डुगपा कुन लेगस	ḥBrug Pa Kun Legs Pa
51. चङ् ञोम कुनगा	gTsaṅ rMyom Kun dGaḥLegs Pa
52. वुस ञोम हेरुक	dBus sMyom heruka

सक्या (Sa sKya)

सक्या परम्परा में भी सिद्धों की अपनी स्वतन्त्र मान्यता है। उसके अन्तर्गत अनेक उपशाखायें हैं। उन शाखाओं के सिद्धों की मान्यता में परस्पर किञ्चित् अन्तर है। वह अन्तर साधनाभेद से भी प्रतिफलित होता है। प्रचलित साधना-परम्पराओं में हेवज्र-परम्परा महत्त्वपूर्ण

है और वैसे ही योगिनी-साधना (खेचर mKhaḥi sPyod) परम्परा भी महत्त्वपूर्ण है। सक्या सम्प्रदाय के जो अनेकानेक सिद्ध हुए, उनकी तालिका यहाँ दी जा रही है। जिसमें प्रथम हेवज्रतन्त्र से अनुशासित परम्परा है और दूसरी योगिनी द्वारा उपदिष्ट साधना है। प्रथम क्रमसाधना और द्वितीय अक्रमसाधना या (कर्वातन्त्र) साधना कही जाती है।

इस तालिका में प्रथम से 7 तक भारतीय तथा 11 से 33 तक खेचर परम्परा में भी आते हैं, जो नारोपा और फम थीङ्पा (Pham Thiṅ Pa) एवं उनके भाई से प्रचलित हुई थी। आगे की नामावली विशुद्ध रूप से हेवज्र-परम्परा में मिलती है।

1. दोर्जे छङ्	rDo rJe ḥChaṅ
2. नैरात्म्य	Nairātmya
3. विरुपा	Virupā
4. कृष्णपाद	Krisṇ Pāda
5. वज्रघण्टापा	Vajra Gaṇṭa Pa
6. अवधूतिपाद	AvadhūtiPa
7. गयाधर	Gayā Dhara
8. डोग मी लोच वा	ḥBrog Mi Lo Tsa Ba
9. से तोन कुन रिग	Se sTon Kun Rig
10. शङ तोन छोसबर	Śaṅ sTon Chos ḥBar
11. स छेन कुन द्गह् ञीङ्पो	Sa Chen Kun dGaḥ sÑin Po
12. आचार्य सोद नमस चेमो	Achārya bSod Nams rTse Mo
13. जे चुन डगपा ग्यल छन	rJe bTsun Grags Pa rGyal mTshan
14. साक्य पण्डित	Sa sKya Paṇḍit
15. छोस ग्यल फगस पा	Chos rGyal ḥPhags Pa
16. शङ तोन कोन छोग	Śaṅ sTon dKon mChog
17. छोस जे सोद नमस द्पल	Chos rJe bSod Nams dPal
18. लामा दम्पा सोद नमस ग्यल छन	bLa Ma Dam Pa bSod Nams rGyal mTshan
19. पल दन छुल ठीमस	dPal Dan Tshul Khrims
20. बुद्धश्री	Budha Śri
21. ङोर छेन कुन द्गह् जङ्पो	Ṅor Chen Kun dGaḥ bZaṅ Po
22. मुस छेन सेमपा छेनपो	Mus Chen Sems dPaḥ Chen Po

23. दग छेन दोर्जे छङ ब्लोडो ग्यलछन	bDag Chen rDo rJe ḥChaṅ bLo Groṣ rGyal mTshan
24. कुन जङ छोस क्यी ञीमा	Kun bZaṅ Chos Kyi Ñima
25. छर छेन लोसल ग्यछो	Tsher Chen bLo gSal rGya mTsho
26. खेन चे वङ् छुग	mKhyen brTse dBaṅ Phyug
27. लब सुम ग्यल छन	bLab gSum rGyal mTshan
28. वङ छुग रब तन	dBaṅ Phyug Rab brTan
29. सोद नम छोग दन	bSod Nams mChog lDan
30. सोद नम छोगड्रुब	bSod Nams mChog Grub
31. खेन रब जमसपा	mKhyen Rab Byams Pa
32. कुन द्गह् लुन्ड्रुब	Kun dGaḥ Lhun Grub
33. कुन द्गह् लेगस पई जुङ नस	Kun dGaḥ Legas Paḥi ḥByuṅ gNas
34. ङग वङ कुन द्गह् लोडो	Ṅag dBaṅ Kun dGaḥ bLo Gros
35. नम म्खह् छी मेद	Nam mKaḥ Chi Med
36. कुन द्गह् तनजिन	Kun dGaḥ bsTan ḥZin
37. तन पई ग्यल छन	bsTan Paḥi rGyal mTshan
38. सोद नमस ग्यल छन	bSod Nams rGyal mThan
39. ब्लोड्रोस ञीङपो	bLo Bros sÑiṅ Po
40. कुन द्गह् जम यङ	Kun dGaḥ ḥJam dByaṅs
41. ब्लो ग्तेर वङपो	bLo gTer dBaṅ Po
42. छोस क्यी ञीमा	Chos Kyi Ñima
43 जन फन ञीङपो	gŜan Phan sÑiṅ Po

गेलुग (dGe Lugs)

गेलुग सम्प्रदाय तिब्बत के अन्य सम्प्रदायों से कुछ भिन्न, किन्तु अनेक दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण सम्प्रदाय है। हमें ज्ञात है कि भारतीय आचार्य दीपंकर श्रीज्ञान दसवीं शताब्दी में तिब्बत पहुंचे थे। उनके सामने समस्या थी सूत्र, शास्त्र और तन्त्र के बीच सन्तुलन स्थापित करने की। उन्होंने इस कार्य को सम्पन्न किया। उनके बाद तन्त्र के प्रति कुछ भिन्न दृष्टि अपनायी जाने लगी, जिससे प्रभावित अनेक विख्यात आचार्य हुए, जिनमें चोंखपा लोसङ् ड्रगपा (Tsoṅ Kha Pa bLo bZaṅ Grags Pa) उल्लेखनीय हैं। उन्होंने जिस नवीन सम्प्रदाय का प्रवर्तन किया, उसे गेलुग कहते हैं। इस पूरी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में गेलुग सम्प्रदाय में अन्य

भोट सम्प्रदायों से कुछ भिन्नता आयी। जिस प्रकार के सिद्धों की मान्यता इस सम्प्रदाय में सम्भव है, उसकी एक नामावली लमरिम (Lam Rims gSol ḥDebs) में अंकित है, उसी के आधार पर यहाँ निम्नलिखित नामावली प्रस्तुत की जा रही है—

1. बुद्ध
2. मञ्जुश्री
3. नागार्जुन
4. चन्द्रकीर्ति
5. विद्या कोकिला
6. विद्या कोकिला द्वितीय
7. दीपंकर

भोटदेशीय

8. पोतो पा	Po To Pa
9. शर बा	Śar Ba
10. छद ख व	ḥChad Kha Ba
11. स्प्योल बु पा	sPyil Bu Pa
12. जङ छेन पा	Zaṅ Chen Pa
13. म्छो स्न वा	mTsho sNa Ba
14. मोद ग्र पा	Mod Gra Pa
15. छुल ख्रीमस् बर	Tshul Khrims ḥBar
16. ग्येर स्ग्रोन शवस्	Gyer sGron Śabs
17. सङस ग्यस द्वोन	Saṅs rGyas dBon
18. नम ख ग्यलपो	Nam mKhaḥ rGyal Po
19. सेङ्गे जङपो	Seṅ Ge bZaṅ Po
20. ग्यल से जङपो	rGyal Sras bZaṅ Po
21. नम खग्यल छन	Nam mKhaḥ rGyal mTshan
22. चोङखापा	Tson Kha Pa
23. जम द्बङ ग्य म्छो	hJam dByaṅ rGya mTsho
24. द्गे लेगस द्पल	dGe Legs dPal
25. ब सो र्जे	Ba So rJe
26. छोस क्यी दोरजे	Chos Kyi rDo rJe

27. द्वेन सा पा	dBen Sa Pa
28. सङ्स् ग्यस् येशेस शबस	Saṅs rGyas Ye Śes S̄abs
29. ब्लोजङ छोस् ग्यन	BLo bZaṅ Chos rGyan
30. र्त फुग पा	rTa Phug Pa
31. द्गे लेगस ग्य म्छो	dGe Legs rGya mTsho
32. ङग् द्बङ् ब्यमस् पा	Ṅag dBaṅ Byams Pa
33. येशे जबस	Ye Śes S̄abs
34. येशे ग्यल म्छन	Ye Śes rGyal mTshan
35. थोग मेद ग्य म्छो	Thog Med rGya mTsho

•